
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



जूनियर एनटीआर ने पहली बार मिलाया प्रशांत नील से हाथ..........



जेनेलिया राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी हैं फुटबॉल.....

वर्ष : 10 अंक : 244 लखनऊ, 13 अगस्त, मंगलवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# सीएम योगी ने 15 मई तक हर हाल में स्कूल और विवि की परीक्षाएं पूरी कराने का दिया निर्देश

## 10 वर्षों में 50 % ग्रॉस एनरोलमेन्ट रेशियो बढ़ाने का टारगेट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को 10 वर्षों में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को वर्तमान 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करने में देश का अग्रणी राज्य रहा है, जिससे राज्य को पिछले तीन वर्षों में अपने जीईआर में सुधार करने में मदद मिली है। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि एनईपी का दृष्टिकोण उच्च शिक्षा संस्थानों में आधुनिक तकनीक का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण,



सर्वभौमिक (सार्वभौमिक) और रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना है।

उत्तर प्रदेश एनईपी को लागू करने वाला अग्रणी राज्य रहा है। पिछले तीन वर्षों में इसके माध्यम से सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि हुई है। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए किए गए प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश ने एक मंडलीय विश्वविद्यालय का लक्ष्य हासिल कर लिया है और अब हम एक जिला-एक विश्वविद्यालय की ओर बढ़ रहे हैं।₹ इन नए विश्वविद्यालयों की स्थापना से सकल नामांकन अनुपात में सुधार करने में मदद मिल रही है। फिलहाल उच्च शिक्षा संस्थानों में जीईआर करीब 25 फीसदी है. हमारा लक्ष्य अगले 10 वर्षों में इसे 50 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और पाठ्यक्रम तैयार करते समय इन विषयों पर विचार किया जाना चाहिए। आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि यथाशीघ्र महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में महान साहित्यकार एवं विचारक राहुल सांकृत्यायन के नाम पर एक शोध केंद्र स्थापित किया जाए।

### रेलवे ने रक्षाबंधन से पहले 72 ट्रेनें रद्द कीं, 22 के रूट बदले

नई दिल्ली, भारतीय रेलवे ने महाराष्ट्र के राजनांदगांव और नागपुर रेलवे स्टेशनों के बीच से गुजरने वाली 72 ट्रेनों को रद्द कर दिया है, क्योंकि विभाग स्टेशनों के बीच तीसरा ट्रैक बिछा रहा है। इस लाइन के निर्माण के लिए राजनांदगांव-कलमना स्टेशन के बीच बड़े पैमाने पर प्री-इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का काम किया जा रहा है। इसके कारण रक्षाबंधन के मौके पर 100 ट्रेनें प्रभावित हो रही हैं। इनमें से करीब 72 ट्रेनें रद्द की गई हैं। 22 का रूट बदला गया है और 6 ट्रेनों का रूट छोटा किया गया है।

# लगातार 11वीं बार लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

## विकसित भारत का पेश कर सकते हैं रोडमैप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त को लगातार 11वीं बार लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले प्रधानमंत्री होंगे। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल में अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शकों के सामने रखेंगे और भारत को विकसित देश बनाने का रोडमैप पेश करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री के विशेष अतिथियों को प्रतिष्ठित लाल किले पर भव्य समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री के गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों पर ध्यान केंद्रित करने के अनुरूप, चारों समूहों के प्रतिनिधि स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होंगे।

15 अगस्त को होने वाले समारोह में इन समूहों से करीब 4,000 मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। सूत्रों के अनुसार, इन मेहमानों को 11 श्रेणियों में बांटा गया है। कृषि एवं किसान कल्याण, युवा मामले और महिला एवं बाल विकास मंत्रालयों को क्रमशः किसानों, युवाओं और महिलाओं को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय मामले, शिक्षा और रक्षा मंत्रालयों ने भी मेहमानों की सूची तैयार कर ली है। नीति आयोग ने भी मेहमानों को आमंत्रित किया है। सूत्रों ने बताया कि पेरिस ओलंपिक 2024 के भारतीय दल को भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित किए जाने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में 18,000 से अधिक लोग मौजूद रहेंगे।

दिल्ली यातायात पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत 13 अगस्त को होने वाली फुल ड्रेस रिहर्सल के लिए बंद की जाने वाली सड़कों और वैकल्पिक मार्गों के संबंध में एक परामर्श जारी किया है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफ्टी 24,834.85

# सभ्य समाज में ये स्वीकार नहीं... बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों को लेकर प्रियंका गांधी का पहला रिएक्शन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे हमलों की खबरें परेशान करने वाली हैं और उम्मीद जताई कि वहां की सरकार हिंदुओं, ईसाइयों और बौद्धों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमलों की खबरें विचलित करने वाली हैं। किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं। प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश में जल्द हालात सामान्य होंगे और वहां की नवनिर्वाचित सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के लिए सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी। इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में लिखा कि कोई भी समुदाय चाहे वह बांग्लादेश का अलग नजरियेवाला बहुसंख्यक हो या हिंदू, सिख, बौद्ध या कोई अन्य धर्म-पंथ-मान्यता माननेवाला अल्पसंख्यक, कोई भी हिंसा का शिकार नहीं होना चाहिए।

# अखिलेश यादव दलित वोट बैंक के चक्कर में आरक्षण पर खड़ा कर रहे हैं संशय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार एसटी-एससी आरक्षण में कोटे में कोटा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के साथ खड़ी है। वहीं एससी/एसटी एक्ट के आरक्षण दायरे से इस समाज के क्रिमी लेयर को बाहर करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मोदी सरकार ने संविधान विरोधी करार देते हुए इसे मानने से इंकार कर दिया है। इसके बावजूद विरोधी दलों के नेता मोदी सरकार पर हमला करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आरक्षण के भीतर आरक्षण के मुद्दे पर अपनी पार्टी को बीजेपी से बड़ा दिखाने के लिये हर वह कदम उठा रहे हैं जिससे उन्हें



राजनैतिक फायदा हो सकता है। इसी क्रम में अखिलेश यादव ने एक बयान में कहा कि किसी भी प्रकार के आरक्षण का मूल उद्देश्य उपेक्षित समाज का सशक्तिकरण होना चाहिए, न कि उस समाज का विभाजन या विघटन। इससे आरक्षण के मूल सिद्धांत की ही अवहेलना होती है। उन्होंने कहा कि पीडीए के लिए संविधान संजीवनी है, तो आरक्षण प्राणवायु। अखिलेश का यह बयान आरक्षण के उप वर्गीकरण के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के फैसले को देखते हुए अहम माना जा रहा है। इससे पूर्व बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी प्रेस कांफ्रेंस करके आरक्षण के भीतर आरक्षण (उप वर्गीकरण) का विरोध करते हुए इस मामले में सपा और कांग्रेस की नीयत भी साफ न होने की बात कही थी।

अखिलेश यादव ने 11 अगस्त को जारी आधिकारिक बयान में कहा कि पीढ़ियों से चले आ रहे भेदभाव और मौकों की गैर बराबरी की खाई चंद पीढ़ियों में आए परिवर्तनों से नहीं पाटी जा सकती। आरक्षण शोषित, वंचित समाज को सशक्त व सबल करने का सांविधानिक मार्ग है। इसी से बदलाव आएगा। इसके प्रावधानों को बदलने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर बार अपने गोलमोल बयानों के माध्यम से आरक्षण की लड़ाई को कमजोर करने की कोशिश करती है। जब पीडीए के विभिन्न घटकों का दबाव पड़ता है, तो दिखावटी सहानुभूति दिखाकर पीछे हटने का नाटक करती है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की अंदरूनी सोच सदैव आरक्षण विरोधी रही है। आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा की विश्वसनीयता शून्य हो चुकी है। कुल मिलाकर आरक्षण के सहारे अखिलेश यादव बीजेपी से दो-दो हाथ करके उस दलित वोट बैंक को अपने पास रोके रखना चाहते हैं जो लोकसभा चुनाव में बसपा का दामन छोड़कर उनके साथ आ गया था।

**संक्षिप्त समाचार**

### हिंदू संगठनों ने केंद्र से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हिंदू संगठनों ने केंद्र सरकार से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने की रविवार को मांग की। बांग्लादेश में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़कर चले जाने के बाद अराजकता की स्थिति की बरकरार है। स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक, मानव सेवा प्रतिष्ठान, वज्र दल, योग वेदांत समिति, सुयश मित्र मंडल, श्री शिवराज्याभिषेक दिनोत्सव समिति, सनातन संस्था और हिंदू जनजागृति समिति जैसे संगठनों के सदस्य मुंबई के दादर इलाके में एकत्र हुए तथा बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित अत्याचार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने केंद्र सरकार से पड़ोसी देश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की मांग की। स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत सावरकर ने संवाददाताओं से कहा, ह्लबांग्लादेश में हो रहा विरोध अब हिंदू विरोधी हो गया है। केंद्र सरकार को इसके खिलाफ तेजी से कार्रवाई करनी चाहिए और हिंदू बहुल क्षेत्र का भारत में विलय करने के लिए बांग्लादेश में प्रवेश करना चाहिए।ह्व सनातन संस्था के अभय वर्तक ने कहा कि यहां के हिंदुओं को बांग्लादेश में समुदाय के सदस्यों की सुरक्षा की मांग को लेकर सड़कों पर उतरना चाहिए। हिंदू संगठनों के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार को सौंपे जाने वाले ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए। उन्होंने कहा कि जो हिंदू भारत में शरण लेना चाहते हैं, उन्हें नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के माध्यम से यह सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। बांग्लादेश में हिंदुओं के कई घरों, मंदिरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई है।

# दलितों के आरक्षण में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं चाहती हैं मायावती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती उत्तर प्रदेश में 10 विधान सभा सीटों पर होने वाले उप-चुनाव और आरक्षण को लेकर काफी सक्रिय नजर आ रही है। आरक्षण के नाम पर जिस तरह से बीजेपी सहित समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेता दलितों के रहनुमा बनने की कोशिश कर रहे हैं, उससे सचेत मायावती ने एससी/एसटी वर्ग के आरक्षण में जातियों का उप वर्गीकरण और क्रिमी लेयर को बाहर करना दोनों खतरनाक बताया है। पहले बात उप-चुनाव की कि जाये तो आमतौर पर उपचुनाव से दूरी बनाने वाली बसपा ने लोकसभा चुनाव के फलस्वरू रिक्त हुई प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। गत दिवस बीएसपी के प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारियों व जिला अध्यक्षों के साथ हुई बैठक में बसपा अध्यक्ष मायावती ने साफ कर दिया कि उनकी पार्टी सभी सीटों पर पर चुनाव लड़ेगी। प्रदेश में मिल्कीपुर, करहल, सीसामऊ, कुंदरकी, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, कटेहरी, खैर और मीरापुर सीट पर उपचुनाव होना है।



मायावती ने कहा कि बसपा गरीबों, शोषितों-पीड़ितों की पार्टी है। सभी मेहनत करें और पार्टी के जनाधार को बढ़ाने में एकजुट रहें। बसपा प्रमुख ने केंद्र व यूपी सरकार पर निशाना भी साधा। कहा, भाजपा सरकार गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन को रोक पाने में विफल रही है। और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इनके द्वारा विध्वंसक बुलडोजर राजनीति सहित हर प्रकार का जाति व धार्मिक उन्माद, विवाद पैदा करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन पर नया कानून व जाति के आधार पर एससी-एसटी समाज के लोगों का उप-वर्गीकरण की क्रीमी लेयर का नया षड्यंत्र करके उन्हें बांटने का प्रयास किया जा रहा है। मायावती ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार द्वारा जाति आधारित गणना से इंकार और मस्जिद-मदरसा संचालन व वक्फ संरक्षण में जबरदस्ती की सरकारी दखलदाजी की जा रही है। चर्चा है कि बसपा ने कटेहरी से प्रतीक पांडेय और फूलपुर से शिवबरन पासी का टिकट फाइनल कर दिया है, हालंकि अधिकृत तौर पर इसकी घोषणा नहीं की गई है। उधर, दलितों को आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राजनैतिक हलचल के बीच मायावती ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा आरक्षण को लेकर किए गए दावों पर सवाल उठाए हैं। एक्स पर किए गए पोस्ट में उन्होंने कहा कि आरक्षण को पूरा श्रेय बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को जाता है। कांग्रेस के लोगों ने बाबासाहेब को संविधान सभा में जाने से रोकने का षड्यंत्र रचा और उन्हें चुनाव में भी हराने का काम किया। इसके साथ-साथ कानून मंत्री पद से इस्तीफा देने को विवश किया। मायावती ने लिखा कि कांग्रेस पार्टी के बयान में आरक्षण का श्रेय बाबासाहेब डा. भीमराव आंबेडकर को नहीं बल्कि पं. नेहरू व गांधीजी को दिया गया है, जिसमें रत्तीभर भी सच्चाई नहीं है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह कहा कि देश में एससी-एसटी वर्गों के उप-वर्गीकरण के संबंध में पार्टी के स्टैंड का खुलासा करने से पहले उनकी पार्टी एनजीओ व वकीलों से विचार विमर्श करेगी।

# कोचिंग सेंटरों के लिए दिशा-निर्देश, दोबारा बनाने की मांग

● याचिका पर विचार करने से दिल्ली हाई कोर्ट का इनकार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें कोचिंग संस्थानों के लिए, विशेष रूप से आपराधिक दायित्व के संबंध में दिशानिर्देशों को फिर से तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में न केवल अधिकारियों को कोचिंग संस्थानों के लिए दिशानिर्देशों को फिर से तैयार करने का निर्देश देने की मांग की गई, बल्कि छात्रों को केवल प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार करने के बजाय उनके दिमाग को परिष्कृत करने पर केंद्रित एक शिक्षा प्रणाली के विकास का भी अनुरोध किया गया। यह पुराने राजिंदर नगर में राऊ के आईएएस स्टडी सर्कल के बेसमेंट की लाइब्रेरी में बाढ़ वाले नाले का पानी घुसने से तीन छात्रों की मौत के बाद हुआ। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि इस तरह का निर्देश पारित करना अदालत के अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

# राहुल गांधी के खिलाफ दायर केस में नहीं हो सकी सुनवाई, अब 23 अगस्त को अगली पेशी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि के मामले में सोमवार को सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि विशेष न्यायाधीश छुट्टी पर थे। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि विशेष न्यायाधीश शुभम वर्मा के छुट्टी पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि अगली सुनवाई की तारीख 23 अगस्त तय की गई है। राहुल गांधी 26 जुलाई को अपने खिलाफ मानहानि के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए थे और कहा था कि यह मामला 'सस्ती लोकप्रियता' हासिल करने के लिए दायर किया गया है।



शुक्ला के अनुसार, विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि उन्होंने कभी किसी के खिलाफ ऐसा बयान नहीं दिया जिससे उनके खिलाफ मानहानि का मामला बन सके। अदालत ने सुनवाई की तारीख 12 अगस्त तय की थी। स्थानीय भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 4 अगस्त, 2018 को गांधी के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायतकर्ता ने गांधी की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा ईमानदार और स्वच्छ राजनीति में विश्वास करने का दावा करती है, लेकिन पार्टी का एक अध्यक्ष हत्या के मामले में ₹आरोपी₹ है। जब गांधी ने यह टिप्पणी की थी, तब शाह भाजपा अध्यक्ष थे। गांधी की टिप्पणी से करीब चार साल पहले, मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 2005 के फर्जी मुठभेड़ मामले में शाह को बरी कर दिया था, उस समय वह गुजरात में गृह राज्य मंत्री थे।

# प्रत्येक तहसील में संविधान भवन बनायेंगे - मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

छत्रपती संभाजीनगर। आनेवाले चार दिनों में हम देश का स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे। बाबासाहेब ने लिखी हुई राज्यघटना थी, इसीलिए हम एक गणतंत्र, सार्वभौम राष्ट्र के रूप में विश्व भर में पहचाने जा सके। जब तक सुरज चांद रहेगा, बाबासाहब का संविधान रहेगा, बाबासाहब के संविधान के प्रति आदर बढ़ें, सामाजिक न्याय की भावना अधिक दृढ हों, इसके लिए प्रत्येक तहसील में संविधान भवन का निर्माण किया जाएगा, ऐसी घोषणा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज यहाँ पर की। साथ ही शहर का डीपी प्लॅन सभी के हित में होगा और वहीं करेंगे, यह आश्वासन भी उन्होंने इस दौरान शहरवासियों को दिया।

छत्रपति संभाजीनगर स्थित टीवी सेंटर चौक में आज मुख्यमंत्री कृतज्ञता समारोह आयोजित किया गया था। इस समारोह में अजिंठा लेणी के नीचे (पायथ्याशी) विश्व स्तर का बुद्ध विहार विपश्यना केंद्र का निर्माण और



डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पुणार्कृति प्रतिमा के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये, भडकल गेट पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्रतिमा सौंदर्यीकरण के लिए पांच करोड़ रुपये, टीवी सेंटर में छत्रपति संभाजी महाराज प्रतिमा और अशोक स्तंभ के निर्माण के लिए पांच करोड़ रुपये, डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर ग्रंथालय के लिए 25 करोड़ रुपये, डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर रिसर्च सेंटर डिजिटल प्रोजेक्ट के लिए 25 करोड़ रुपये, तारांगण के लिए 10 करोड़ और पिछड़ावर्गीय औद्योगिक सहकारी संस्था के जरिये बेरोजगारों को मदद ऐसे विविध विकास परियोजनाओं को निधि देने पर आज आंबेडकरी समाज समिति ओर से मुख्यमंत्री श्री. शिंदे के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

इस समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव, राज्य के पणन व अल्पसंख्यक विकास व औकाफ मंत्री तथा जिले के पालक मंत्री अब्दुल सत्तार, गृहनिर्माण मंत्री अतुल सावे, सांसद संदिपान भुमरे, विधायक प्रदीप जयस्वाल, संजय शिरसाट एवं संयोजक जालिंदर शेंडगे और सभी समिति सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरूआत में छत्रपति शिवाजी महाराज और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा की पूजा की गई। उसके बाद मुख्यमंत्री शिंदे को मानपत्र देकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। उसके बाद मुख्यमंत्री शिंदे ने उपस्थितों से संवाद साधा।

### महामानव के प्रति कृतज्ञता

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आपने कृतज्ञता समारोह आयोजित किया है। इस औचित्य पर मुझ पर प्रेम व्यक्त करनेवाले छत्रपति संभाजीनगर के आंबेडकरी जनता का तहेदिल शुक्रिया अदा करता हूँ। लेकिन कृतज्ञता व्यक्त करने जैसे कोई भी काम मैंने नहीं किया है। बल्कि मैं जो कुछ भी कर रहा हूँ वह मेरा कर्तव्य है और यहाँ पर जो कुछ कार्य हो रहें है, वह आपका अधिकार है। हम सभी बाबासाहब के महान कार्य को आगे ले जानेवाले उनके छोटे अनुयायी है। हम भाग्यशाली है की, बाबासाहब जैसे बड़े व्यक्तिमत्व हमारे महाराष्ट्र में जन्में है।

## सुभासपा ने चुनाव चिह्न बदलकर किया चाबी, उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर बनाए प्रदेश अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चुनाव के दौरान मतदाताओं में छड़ी व हॉकी को लेकर भ्रम से होने वाले नुकसान से बचने के लिए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने अपना चुनाव चिह्न छड़ी के स्थान पर चाबी रखने की घोषणा की है। इस संबंध में पार्टी ने चुनाव आयोग को पत्र भी लिखा है। पूर्व में सपा से अलग होने पर शिवपाल सिंह यादव द्वारा वर्ष 2018 में जब प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया का गठन किया था तब उसका चुनाव चिह्न चाबी था। हालांकि, बाद में प्रसपा का चुनाव चिह्न चाबी से स्टूल हो गया था।

### प्रेम चंद कश्यप प्रदेश अध्यक्ष बने

सोमवार को रविन्द्रालय में हुई सुभासपा की बैठक में ओम प्रकाश राजभर को फिर से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) का राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रेम चंद कश्यप को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश को चार भागों में विभाजित कर पूर्वांचल, मध्यांचल, पश्चिमांचल व बुंदेलखंड के प्रदेश अध्यक्षों का भी चुनाव किया गया है। एमएलसी बिछेलाल राजभर को पूर्वांचल का प्रदेश अध्यक्ष, अमरमणि कश्यप को मध्यांचल, सुजीत बंजारा को पश्चिमांचल व कालू राम प्रजापति को बुंदेलखंड का अध्यक्ष बनाया गया। नरेंद्र कश्यप को पश्चिमांचल के युवा मंच का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।

### इनको भी मिली जिम्मेदारी

राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने बताया कि डॉ. अरविंद राजभर को राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव चुना गया। वहीं सालिक यादव को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, राम ललित चौधरी को उपाध्यक्ष, पतिराम राजभर को सदस्यता प्रभारी, विनोद राजभर व कालूराम प्रजापति तथा रामाश्रय पासवान को सचिव, रजनीश श्रीवास्तव को कार्यकारिणी का सदस्य, अशोक अग्रवाल को व्यापार प्रकोष्ठ का महासचिव व राधिका पटेल को महिला मंच का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। इस मौके पर 25 जिला अध्यक्षों की घोषणा भी की गई।



### बिहार में भी उतारेंगे उम्मीदवार

एनडीए के सहयोगी दल सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में भी हम उम्मीदवार उतारेंगे। उन्होंने कहा कि भर व राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करवाने के लिए जारी संघर्ष को और तेज किया जाएगा। बुनकरों को सम्मान निधि दिलाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। सुभासपा पिछले बीस वर्षों से जाति आधारित गणना, रोहिणी आयोग की रिपोर्ट, सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू करने, एक समान अनिवार्य मुफ्त शिक्षा तथा उत्तर प्रदेश में शराबबंदी को लेकर संघर्ष कर रही है, इसे जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के विभिन्न मोर्चों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की भी घोषणा जल्द की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला चालक का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में सोमवार को एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा गांव निवासी पेशे से ट्रक चालक सुनील (32), अपनी पत्नी नीलम और 6 वर्षीय बेटी साक्षी के साथ रहता था। बताते हैं कि सोमवार दोपहर सुनील की किसी बात को लेकर परिवार में कहा सुनी हो गई। इससे नाराज होकर सुनील कमरे में चला गया और उसका दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर बाद भी सुनील के बाहर न निकलने पर परिजनों ने कई बार दरवाजा खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो उनके होश उड़ गए। कमरे के अंदर सुनील पंखे के हुक से साड़ी के सहारे लटका था। आनन फानन परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक सुनील की मौत हो चुकी थी। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या करने की बात कह रही है।

## दो वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

निगोहां। चोरी व अपहरण के अलग अलग दर्ज मुकदमो में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे दो वांरटियो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया 2023 में चोरी समेत अन्य धाराओ में दर्ज मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे अभियुक्त अखिलेश उर्फ हैडिंल निवासी नंदौली व 2020में अपहरण समेत अन्य धाराओ में दर्ज मुकदमें में फरार चल रहे अभियुक्त नफीस निवासी कुशमौरा को उपनिरीक्षको ने पुलिस फोर्स के साथ सोमवार को दोनो अभियुक्तो के घरो पर दाबिश देकर गिरफ्तार किया।जिसके बाद दोनो अभियुक्तो को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

## अज्ञात कारणों के चलते सभासद की ट्रेन से कटकर मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अज्ञात कारणों के चलते युवक की ट्रेन से कटकर मौत सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को सूचना देकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मलिहाबाद नगर पंचायत के ग्राम सरावां निवासी विकास रावत (25) नगर पंचायत के ग्राम सरावां के वार्ड नंबर एक से वर्तमान में सभासद है। सोमवार करीब तीन बजे अज्ञात कारणों के चलते 15074 त्रिवेणी एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान के लिए मिले मोबाइल से जानकारी जुटा मृतक के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा वर्तमान सभासद विकास की पहचान की गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि विकास का डिप्रेशन का इलाज काफी समय से चल रहा था और उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। एक सप्ताह पहले भी वह अपनी बाइक गोसालालपुर गांव में छोड़ कर उन्नाव जनपद के अजगैन चला गया था। जिसको परिजन कई घंटो बाद ढूंढ कर वापस घर लाए थे। मृतक के परिवार में मां फूलमती, बहन आशा, छोटा भाई विमल है जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में मलिहाबाद अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि ट्रेन से कटने की वजह शरीर बीच से कट गया और शरीर के चीथड़े उड़ गए थे। जिसको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



मृतक विकास फाइल – फोटो

## रवि सेवा केंद्र ने ट्रॉमा सेंटर में तीमारदारों को वितरित किए दूध के पैकेट

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सावन का महीना चल रहा है क महादेव के मंदिरों में दिन भर दूध से रुद्राभिषेक किया जा रहा है क ऐसे में नर नारायण को दूध बांटने का श्रीमती रवि चावला सेवा केंद्र ने संकल्प लिया। इसकी शुरूआत आज केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती मरीजों के तीमारदारों से की गई। जिसके अंतर्गत तीमारदारों को पानी की बोतल, खाने के लिए बिस्कुट, फल तथा पहली बार दूध के पैकेट भी बांटे गए क जिसमें प्रमुख भूमिका यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने निभाई। रवि सेवा केंद्र के संयोजक अमित कुमार के मुताबिक सावन के महीने में दूध से देवालय में अभिषेक करना बहुत पुण्य कार्य है। ऐसे में यह प्रेरणा हुई कि मरीज व उनके तीमारदार खासकर बच्चों को दूध की बहुत जरूरत होती है इसलिए चिकित्सालय में दूध के वितरण का कार्य आज से शुरू किया।

यूनियन बैंक में कार्यरत वीरेंद्र कुमार वरिष्ठ प्रबंधक जो खुद भी सामाजिक सेवा कार्यों में आगे रहते हैं क उन्होंने भी श्रीमती रवि सेवा केंद्र के इस पुण्य कार्य में अपना योगदान करने की पहल की। और संस्था की अभियान को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। इसी क्रम में आज केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर परिसर में रैन बसेरे में रहकर अपने गंभीर मरीजों का इलाज करा रहे व उनके साथ रुके छोटे बच्चों को दूध के फुल क्रीम वाले पैकेट और पीने के पानी की बोतल, बिस्किट व फल आदि का वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में तीमारदारों ने लाभ उठाया।



श्रीमती रवि सेवा केंद्र संयोजक अमित कुमार ने बताया कि प्रत्येक रविवार को केजीएमयू परिसर में वितरण कार्यक्रम हो रहा है क साथ ही स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में भी केजीएमयू में मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए खाने-पीने के साथ दूध का भी वितरण किया।

## 47 दिन के भीतर बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र के हर घर तक पहुंचेगा नल से जल, जलशक्ति मंत्री ने दिया निर्देश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र के सभी जिलों के ग्रामीण घरों में 47 दिन के भीतर नल से जल पहुंचने लगेगा। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र के सभी ग्रामीण घरों तक नल से जल पहुंचाने के लिए इंजीनियरों को 47 दिन की मोहलत दी है। सोमवार को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने निर्देश दिया कि 30 सितंबर से पहले बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र के सभी जिलों में हर घर नल योजना का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया जाए। ये निर्देश जलशक्ति मंत्री ने सोमवार राणा प्रताप मार्ग स्थित स्वच्छ गंगा मिशन के नवीन कार्यालय के शुभारंभ के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। इस दौरान राज्यमंत्री रामकेश निषाद, प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुराग श्रीवास्तव, एमडी जल निगम ग्रामीण राजशेखर मौजूद थे।

### धीमे काम पर बीजीसीसी पर होगी कार्रवाई, दोषी जाएंगे जेल

झांसी और जालौन में सुस्त रफ्तार काम कर रही बीजीसीसी कंपनी पर नाराजगी जताते हुए मंत्री ने जल्द सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने झांसी और जालौन के कुछ हिस्सों में काम कर रही बृज गोपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई और कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि एजेंसी की कार्यप्रणाली की जांच होगी और दोषियों को जेल भेजा जाएगा। इसके अलावा सोनभद्र में भी काम की धीमी रफ्तार पर इंजीनियरों और एजेंसियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि परियोजना की गुणवत्ता और गति पर ध्यान दें।

## मलिहाबाद में निकाली गई तिरंगा यात्रा



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद विधानसभा में भाजपा कार्यकताओं द्वारा सोमवार को रजवाडा लान महमूद नगर से शहीद स्मारक काकोरी तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तमाम कार्यकर्ता मोटरसाइकिलों पर सवार होकर हाथों में तिरंगा लिये हुए भारत माता की जय के जयघोष करते हुए जब सड़क पर निकले तो माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत दिखाई पड़ रहा था।

मलिहाबाद मण्डल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी के नेतृत्व में और संगठन के प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, व जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह एवं महामंत्री विजय मौर्या की अगुवाई में सैंकड़ों कार्यकताओं ने बाइक रैली निकाली। विधायक जयदेवी कौशल ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहीद स्मारक काकोरी पहुंचे कार्यकताओं ने शहीदों की प्रतिभाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मण्डल अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा मलिहाबाद क्षेत्र के गांव गांव में हर घर तिरंगा अभियान जोर शोर से चल रहा है। 15 अगस्त को हर घर पर तिरंगा फहरेगा। कार्यक्रम में अरविंद शर्मा, जितेन्द्र अवस्थी, नरेन्द्र यादव, प्रमोद पाठक, विनय प्रताप सिंह, शैलेन्द्र सिंह, ओमकार सिंह, आदित्य अवस्थी, सौरभ यादव, अमनेश कश्यप, रवि राजपूत समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक ने स्वाधीनता के 78 वी वर्षगाँठ पर 78 एटीएम का किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। इंडियन बैंक प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैंक के स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। बैंक की स्थापना भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 15 अगस्त 1907 को एक स्वदेशी बैंक के रूप में की गई थी बैंक की 118 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर कार्यपालक निदेशक ब्रजेश कुमार सिंह ने लखनऊ के अपने आधिकारिक दौरे के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्थापित 78 नए एटीएम का उद्घाटन लखनऊ मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता की उपस्थिति में किया। जिससे ग्राहकों को धन निकासी की बेहतर से बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके। कार्यपालक निदेशक ने बैंक के डिजिटल माध्यमों के द्वारा मिल रहे विभिन्न सुविधाओं के संबंध में भी ग्राहकों को विस्तारपूर्वक बताया जिसका लाभ ग्राहक घर बैठे अपने फिंगर टिप से उठा सकते हैं श्री सिंह ने बताया कि इंडियन बैंक आज तकनीक की सहायता से त्वरित सेवा देने में सक्षम है इस अवसर पर अंचल प्रबंधक लखनऊ प्राणेश कुमार एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



## बाराही देवी मंदिर पर सामुहिक रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर तीर्थ स्थल पर सामुहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।

श्रावण मास के चौथे सोमवार को शिवालयों पर काफी भीड़ देखी गई। ग्राम अटेर में स्थित आस्था का प्रतीक सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर तीर्थ स्थल पर मेला कमेटी के संरक्षक रमेश सिंह चौहान के नेतृत्व में विधिविधान से मंत्रोच्चारण के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे, रुद्राभिषेक कार्यक्रम में दूध, कमल फूल आदि के साथ विभिन्न प्रकार के फल आदि आकर्षण का केंद्र बना रहा। भगवान भोलेनाथ का सामूहिक रुद्राभिषेक का पूजन कार्य अयोध्या से आए बालस्वामी अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य महाराज ने किया। मेला कमेटी के संरक्षक रमेश सिंह चौहान ने बताया कि श्रावण मास का महीना काफी ज्यादा पवित्र माना जाता है। इस महीने में ही भगवान शिव और पार्वती का मिलन हुआ था ऐसे में इस महीने को लेकर काफी ज्यादा मान्यताएं है। मान्यता है कि इस महीने में भगवान शंकर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाए तो वह अत्यंत प्रसन्न होते हैं और मनोवांछित सभी कामनाओं की पूर्ति होती है।



### कई वर्षों से चल रहा जप

साथ ही उन्होंने बताया कि मां बाराही देवी मंदिर वर्षों पुराना है, यहां सभी समुदाय के लोग आते हैं। मंदिर परिसर में समय समय पर धार्मिक कार्यक्रम होते रहते है इस पवित्र सावन माह में ॐ नमः शिवाय जप का कार्यक्रम चल रहा है, जो निरंतर एक माह तक चलता रहेगा।

## अमरनाथ समिति द्वारा प्रथम विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज नगर पंचायत मऊ में श्रावण मास अमर नाथ सेवा समिति ने गोसाईगंज मुख्य मार्ग रोड के निकट सिनेमा हाल के पास प्रथम विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे का शुभारंभ चैयरमेन प्रतिनिधि व व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडेय उर्फ सत्यम ने पूजा अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ कराया अमरनाथ सेवादारों ने अनेकों व्यंजनों में प्रसाद वितरित किया श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद वितरित किया भगवान शिव का विशाल भंडारे का आयोजन हुआ और साथ ही सुंदर-सुंदर झांकियां का भक्तों ने आनंद उठाया भंडारे में प्रातः काल चावल कढ़ी सब्जी पूड़ी प्रसाद में ग्रहण किया दूर दूर से आए भक्तो ने पूजा अर्चना कर बम बम भोले हर हर महादेव के जयकारे लगाए ₹जय बाबा अमरनाथ बफार्नी, भूखे को अन्न प्यासे को पानी ₹ के साथ सभी अमरनाथ सेवादार भक्तो ने सेवा की अमरनाथ सेवा समिति में प्रांशु गुप्ता शशांक गुप्ता अभिषेक गुप्ता दीपांशु गुप्ता रचित गुप्ता दीपक गुप्ता हरिकेश गुप्ता विवेक नीरज गुप्ता विष्णु गुप्ता पत्रकार पंकज गुप्ता रूपांशु गुप्ता संदीप गुप्ता दशरथ शुक्ला मदनमोहन मिश्रा राघव दीक्षित सहित काफी संख्या में श्रद्धालु ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।



## सहकारी चीनी मिल कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर रालोद प्रवक्ता अनिल दुबे को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उ0प्र0 की 24 सहकारी चीनी मिल एवं आसवनियों में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों ने महंगाई भत्ते में वृद्धि किये जाने हेतु आज राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी से कार्यवाही किये जाने की मांग करते हुए लखनऊ में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे से मिलकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने मांग करते हुए कहा कि चीनी मिलों की वित्तीय स्थिति, गन्ना मूल्य, चीनी मूल्य तथा चीनी विक्रय आदि का शासन एवं संघ स्तर से निर्णय लिया जाता है। इसमें चीनी मिलों में कार्यरत कर्मचारियों का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। चीनी मिल में कार्यरत कर्मचारी/अधिकारियों का चीनी मिलों का कुशल संचालन एवं अच्छे परिणाम प्राप्त करना होता है। महंगाई भत्ता कोई अतिरिक्त बोनस अथवा भत्ता नही है, यह वेतन का भाग है। मिल समिति पूर्व से ही अपने स्तर से महंगाई भत्ते को वहन करती रही है। वर्तमान मे भी सभी चीनी मिलें अपने संसाधनों से महंगाई भत्ता दे सकती है। इस मद हेतु शासन से कोई वित्तीय सहायता की आवश्यकता नहीं पडेगी।




उन्होंने ज्ञापन में अनुरोध किया कि सहकारी चीनी मिलों एवं आसवनियों में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों को महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत जारी करने हेतु अपने स्तर से प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल संघ लि0 लखनऊ को निर्देशित करने की कृपा करे ताकि कर्मचारी/अधिकारी अपनी पूर्ण क्षमता के साथ मिलों का संचालन कर सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल कर सके।

## यूपी के कई गांवों में मंडराया बाढ़ का खतरा, खतरे के निशान के पार हुई सरयू

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पहाड़ों पर बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद प्रदेश की नदियों में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। एक तरफ गंगा और यमुना का बढ़ा जलस्तर घट रहा है तो अवध और पूर्वांचल के जिलों में खतरे के निशान के पार बह रही सरयू चिंता बढ़ा रही है। जिस गति से जलस्तर बढ़ रहा है उससे कई गांवों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच शारदा व गिरजा बैराज से छोड़ा गया पानी एक-दो दिन में सरयू के जलस्तर को और भी बढ़ाएगा।

### बैराजों से छोड़ा जा रहा पानी

गोंडा में रविवार को एल्गिन ब्रिज पर घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 43 सेंटीमीटर व अयोध्या में सरयू नदी का जलस्तर 24 सेंटीमीटर ऊपर रहा। बैराजों से तीन लाख 12 हजार क्यूसेक पानी और छोड़ा गया है। तलहटी इलाकों में गांवों की तरफ नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे ग्रामीण सहमे हुए हैं। बाराबंकी में भी सरयू नदी खतरे निशान से ऊपर है। बबुरी गांव नदी में समा चुका है, अब केदारीपुर नदी के जद में आ गया है। शारदा व गिरजा बैराज से जो पानी छोड़ा गया है, सोमवार को जिले की परिधि में दिखाई देगा। पूर्वांचल क्षेत्र में आजमगढ़ में सरयू का जलस्तर खतरा बिंदु से 71 सेमी ऊपर पहुंच गया। मऊ, बलिया में भी सरयू का पानी बढ़ रहा है और जलस्तर खतरा बिंदु से ऊपर है। सोनभद्र में नगवां व रिहंद बांध में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। तीन वर्षों बाद रिहंद बांध में 80 प्रतिशत पानी भरा है।

## अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलटा, चालक की मौत





अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।पीजीआई थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह तेलीबाग से सवारियां बैठाकर मोहनलालगंज जा रहा ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया,जिसमें बैटी एक महिला फार्मेसिस्ट समेत कई सवारियां घायल हो गयी।दुर्घटना के बाद घायल सवारियां इलाज के लिये चली गयी ओर ई रिक्शा लेकर घायल चालक राम कुमार शुक्ला(46वर्ष) निवासी ब्रम्हदासपुर थाना निगोहां मोहनलालगंज के एक निजी क्लीनिक पर इलाज के लिये आ गया,जहां उसकी हालत बिगड़ गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल चालक को इलाज के लिये आनन-फानन सीएचसी लेकर गये,जहां डाक्टरो ने चालक को मृत घोषित कर दिया।जिसके बाद दुर्घटना से अंजान परिजन चालक की मौत को संदिग्ध बताकर हगांमा करने लगे ओर मोबाइल भी गायब होने की बात कही।सूचना के बाद एसीपी रजनीश वर्मा व प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने मौके पर पहुंचकर परिजनो को समझाते हुये मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पीएम के लिये भिजवाया।मृतक चालक के परिवार में पत्नी संजय दो बेटे राहुल व सौरभ,एक बेटी संध्या है।

# उपवास रखकर भोलेनाथ से मांगी सुख-समृद्धि की कामना, श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**अमन लेखनी समाचार/नवीन मिश्रा**

सुमेरपुर, उन्नाव। स्थित बाबा गंजरेश्वर मंदिर में चौथे सोमवार को नगर के विभिन्न मंदिरों के बाहर सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लगा रहा। गंगा स्नान के दौरान लोगों की भारी भीड़ रही।इस बार घाटों पर भीड़ होने के चलते पुलिस बल मौजूद रहा।

सावन के सोमवार पर जनपद के विभिन्न मंदिरों में चंडिका माता मंदिर बक्सर व तौधकपुर स्थित श्री सिध्देश्वर बाबा मंदिर,नरीखेड़ा स्थित माता वागेश्वरी मंदिर, भगवंतनगर स्थित काली माता मंदिर व फूलमती माता मंदिर भद्रेश्वर मंदिर समेत तमाम शिवमंदिरों में सुबह से शिव भक्तों ने पूजा अर्चना की।श्रद्धालु हाथ में सजी पूजा के थाल जिसमें दीप, धूप, नेवैद्य, धतूरा,बेलपत्र आदि लेकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे। इस दौरान श्रद्धालुओ ने उपवास रखा।शिव मंदिरों में भक्तों द्वारा लगाए जा रहे बम भोले के उद्घोषों से पूरा मंदिर परिसर दिन भर गूंजता रहा। वहीं कई स्थानों पर शिवभक्तों ने रूद्राभिषेक का आयोजन करवाया। जिसमें आचार्यों ने विधि विधान भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक आदि करवाया।सिध्दपीठ मां चंद्रिका देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी वही किया दर्शन सावन के सोमवार को गंगा स्नान का विशेष महत्व है। सोमवार को श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।इस दौरान लोगों ने तट पर बालू से शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके अलावा तमाम श्रद्धालुओं ने तट पर कथा का श्रवण किया।स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-दक्षिणा कर पुण्य लाभ कमाया।वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर घाटों पर पुलिस तैनात रही और नाव से पुलिसकर्मी गंगा में गश्त करते रहे।चंडिका धाम मे दो विग्रह स्थापित हैं जिन्हे चंडिका व अम्बिका के रूप मे जाना जाता है इनका श्री मुख गंगा की तरफ है।चंडिका धाम की सीढ़ियों से सट कर हमेशा गंगा जी का जल प्रवाहित होता है।वैसे तो धाम मे हमेशा श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहती है पर यह भीड़ नवरात्र के दिनों में बढ़ जाती है। कानपुर, रायबरेली , फतेहपुर , इलाहाबाद, बादा समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ साथ दूसरे प्रदेशों से भी भक्त मां के दर्शन पूजन के लिए आते हैं। मंदिर मे प्रति दिन तीनों पहर आरती व मां का श्रंगार होता है। तीनों पहर की आरती में पुजारी गुड्डू द्विवेदी जी मंदिर की देखरेख में वंहा मौजूद रहतें जो भी सच्चे मन से आता है उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है।

इस सिद्धि पीठ मां चंडिका देवी धाम का पुराणों मे भी वर्णन हुआ है।पुराण के अनुसार यही पर मेधा ऋषि ने राजा सुरथ व समाधि वैश्य को मां दुर्गा के महात्म्य का वर्णन सुनाया था।जो दुर्गा सप्तशती के नाम से विख्यात है। महाभारत काल मे बलराम ने इस क्षेत्र की यात्रा की थी।यहां पर परम तपस्वी वक्र ऋषि का आश्रम था कहा जाता है इन्हीं के नाम पर इस ग्राम का नाम बक्सर पड़ा था।यहां गंगा कुछ समय के लिए उत्तरमुखी प्रवाहित होने के कारण इस स्थान को काशी की तरह पवित्र माना जाता है।जिस स्थान पर मेधा ऋषि ने राजा सूरथ को दुर्गा सप्तशती सुनाई थी उसी स्थान पर भगवान श्री कृष्ण के भाई बलराम ने भी माथा टेका था।वहीं पर मां चंडिका देवी की प्रतिमा स्थापित की गई थी।यहां दो प्रतिमाएं मां चंडिका व अंबिका माता जी की स्थापित हैं सावन के सोमवार में राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना हुई। भगवान भोले नाथ का श्रंगार कर आचार्यों द्वारा रूद्राभिषेक किया गया। रूद्राभिषेक के दौरान वहां तमाम भक्त बम बम भोले के जयकारे लगा रहे थे। मंदिरों में भी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए वहीं गोकुल बाबा मंदिर में भी हजारों की संख्या में सुबह से ही शिव भक्तों ने दर्शन कर मनोकामना की है।

# नशा मुक्ति कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**




हसनगंज, उन्नाव। खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन उन्नाव औषधि निरीक्षक अशोक कुमार के निदेर्शानुसार सुनील सिंह उपाध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष केमिस्ट एवम ड्रगिस्ट बार एसोसिएशन की अध्यक्षता में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मेंसुनील सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई ।दवा विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने कहा कि नशे की चपेट में आने के बाद इससे बाहर निकलना बेहद ही मुश्किल हो जाता है और यह जीवन तबाह कर देता है. इसलिए अपने जीवन के साथ-साथ परिवार और समाज को इससे दूर रखने के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगाकार्यक्रम में हसनगंज क्षेत्र मोहान क्षेत्र के दवाई विक्रेता सामिल हुए ।

# मानसिक विक्षिप्त युवक को पुलिस ने उसके परिजनो को सौंपा

**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा, उन्नाव।क्षेत्र के तौरा गांव के पास रविवार रात गस्त के दौरान कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह को सड़क किनारे एक युवक खड़ा दिखाई दिया ।जिसपर कोतवाल ने उसे पास बुलाकर पूछताछ की ।युवक की मानसिक स्थिति ठीक ना होने से पुलिस उसे अपने साथ थाने ले आई ।थाने में कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने उससे उसका नाम पता पूछ ।इस दौरान उसने अपना नाम सोनू गुप्ता बताया ।पुलिस को उससे मिले फोन नंबर पर फोन कर संपर्क करने पर सोनू गुप्ता के संबंध में जानकारी की गई ।जिसपर फोन नंबर पर बोल रही महिला ने पहचान करते हुए वाराणसी जिले के लेढूपुर निवासी सोनी गुप्ता के रूप में पहचान कर लाइन पर लेकर सोनू के भाई अश्वनी गुप्ता से बात की गई तो बताया गया की सोनू की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है ।वह एक वर्ष से घर से गायब है ।पुलिस ने परिजन को थाने बुलाया ।सोमवार को थाने पहुंचे अश्वनी गुप्ता व उसका साथी राजबारी ने सोनू की पहचान की ।पुलिस ने लिखापढ़ी कर सोनू को उसके भाई अश्वनी के सिपुर्द कर दिया।

## संक्षेप

### समाज सेवी ने अधिशासी अभियंता से तीन बिंदुओं की मांगी सूचना

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के समाजसेवी फजलुर्रहमान ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (1) के अंतर्गत विद्युत वितरण खंड चतुर्थ बांगरमऊ के अधिशासी अभियंता से पंजीकृत पत्र के माध्यम से तीन बिंदुओं की सूचनाएं मांगी है। सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत बिंदु संख्या 01 में मांगी गई सूचना में विद्युत वितरण खंड चतुर्थ बांगरमऊ को वित्तीय वर्ष 2020-21 से लेकर आज तक पिछले 5 वर्षों में भारत सरकार/ राज्य सरकार से किस-किस मद में कितनी- कितनी धनराशि प्राप्त हुई है और उसका खर्च कब-कब और किस-किस कार्य/मद में कितना-कितना किया गया है, से संबंधित संपूर्ण जानकारी मांगी गई है। वही बिंदु संख्या 2 में बांगरमऊ नगर की पुरानी व जर्जर विद्युत लाइन (केबिल) बदलने में कब और कुल कितनी धनराशि सरकार/ शासन से प्राप्त हुई है, तथा उसका खर्च कब-कब और कहां-कहां किया गया है, से संबंधित संपूर्ण जानकारी मांगी गई है। तथा बिंदु संख्या 3 में पिछले 5 वर्षों में विद्युत वितरण खंड चतुर्थ बांगरमऊ में किसके आदेश पर आउटसोर्सिंग/ संविदा पर कुल कितने कर्मचारी को रखा गया है। उनके नाम, पदनाम उनको दिए जाने वाले वेतन/ मानदेय सहित संपूर्ण जानकारी मांगी गई है। इसके साथ ही रहमान ने प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम, पदनाम, कार्यालय का पूरा पता सहित मोबाइल नंबर की भी जानकारी मांगी है।

### एक ही पद पर कार्यरत दो स्वास्थ्य कर्मी जो बना चर्चा का विषय

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर अक्सर चर्चा में रहता है । जहा अस्तपतालो में डॉक्टरों व कर्मचारियों की कमी है वही सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र में एक पद पर दो लोग कार्यरत है।सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र वैसे भी चर्चा में रहता है कभी डॉक्टर उपस्थित नही मिलते तो कभी एनम द्वारा डिलीवरी में उगाही की बात सामने आती है। टूटी फूटी पड़ी बेंचे और गंदगी का अम्बार देख स्वस्थ्य व्यक्ति स्वंम बीमार हो जाये।स्वास्थ्य केंद्र में फिर एक नया मामला सामने आया है जिसमे एक ही पद पर दो लोगो कार्य कर रहे है।गौरतलब है स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर में बाबू का एक पद आवंटित है।इस पद पर अनिल कुमार गोयल कार्यरत थे परंतु करीब एक माह पूर्व उनका तबादला अन्यत्र जिले में हो गया ।काफी दिनों तक अनिल कुमार गोयल द्वारा रिलीविंग न लिये जाने से वह पद पर बने है।इसी बीच उन्नाव से अंकुर तिवारी भी इसी पद पर भेज दिए गए। अब दोनों ही लोग एक ही पद पर कार्य कर रहे है ।इस संबंध में जब प्रभारी चिकित्साधिकारी नरेंद्र कृष्णा से बात की गई उन्होंने बताया अनिल कुमार गोयल का मेडिकल प्राप्त हुआ है व उनको वन साइड रिलीविंग दी गयी है।जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

# रोड क्रास कर रहे किशोर को क्रेन ने मारी टक्कर, मौत

**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हरदोई उन्नाव सडक मार्ग पर उम्मर खेड़ा के पास रोड क्रास कर रहे एक लगभग ग्यारह वर्षीय किशोर को क्रेन ने जोरदार टक्कर मार दी। जब तक परिजन उसे अस्पताल ले जाते तब तक किशोर की मौत हो गई। किशोर की मौत से कोहराम मच गया। हादसे से रोड पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जाम खुलवाकर रास्ता साफ कराकर यातायात चालू करा दिया।उम्मर खेड़ा गांव निवासी सुरेश का लगभग ग्यारह वर्षीय पुत्र सत्यम पूजा के फूल लेने घर से निकलकर जा रहा था तभी आ रही क्रेन की चपेट मे आ गया। क्रेन की टक्कर लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन जबतक किशोर को अस्पताल ले जाते तब तक उसकी मौत हो गई।इस बीच ग्रामीणों के इकट्ठा हो जाने से दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जाम खुलवाकर रास्ता साफ कराकर यातायात शुरू करा दिया।



# शिवभक्तो ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**अमन लेखनी समाचार**

शुक्लागंज, उन्नाव।सोमवार सुबह से ही श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर पहुंचना शुरू कर दिया था। बड़ी संख्या में भक्तगण पारंपरिक वस्त्रों में सजधज कर घाटों पर आए और गंगा स्नान कर पुण्य की प्राप्ति की।इस दौरान गंगा घाटों पर भक्तों की लम्बी कतारें देखने को मिलीं। स्नान के बाद भक्तों ने गंगा की पूजा की और आस्था के साथ व्रत को पूरा किया इसी के साथ, नगर और ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। शिव मंदिरों में विधि-विधान से शिवलिंग पर जल, दूध और बेल पत्र अर्पित किए गए। पूजा के दौरान भक्तों ने भगवान शिव से सुख-समृद्धि और जीवन की सुखदायिनी कामना की।मंदिरों में आयोजित भजन-कीर्तन और आरती ने भक्तों का मन मोह लिया और पूरे वातावरण में भक्ति की धारा बहने लगी। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए थे। घाटों और मंदिरों में सफाई व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान रखा गया था ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस प्रकार, सावन के चौथे सोमवार पर शुक्लागंज में गंगा स्नान और शिव पूजा का आयोजन श्रद्धा और धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ, जो यहाँ के धार्मिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। राजधानी मार्ग सब्जी मंडी में सपा नेता वीरेन्द्र शुक्ला ने रुद्राभिषेक कराया। इस दौरान अनीता शुक्ला, कमल वर्मा, अरुण शुक्ला, राकेश निषाद, संदीप शुक्ला, श्रीकांत शुक्ला, अनूप मिश्रा, योगेन्द्र देव त्रिपाठी, राजनारायण मिश्रा, दीप्ति शुक्ला, शोभा शुक्ला, गायत्री शुक्ला, उमा निषाद, शोभा वर्मा, जितेंद्र साहू, सरिता साहू, मधु साहू आदि मौजूद रही।

# बांध का पानी छोड़ने से बढ़ रहा है गंगा का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। पश्चिम के बांधों से अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के कारण गंगा के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।शुक्लागंज और उसके आसपास के इलाकों में जलस्तर के बढ़ने से बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है।जलस्तर बढ़ने के कारण तटवर्ती इलाकों के गोताखोर, हुसैन नगर, कर्बला, शाही नगर के सैकड़ों मकानों के आस पास पानी भर गया है।इस समय शुक्लागंज के तटवर्ती इलाके, जहां बाढ़ का पानी भर गया है, वहां के निवासी काफी परेशान हैं।स्थानीय निवासियों का कहना है कि बाढ़ की स्थिति ने उनके जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है।कई लोग अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में बदलाव महसूस कर रहे हैं और उन्हें अपने कामकाज में भी कठिनाई हो रही है।

# बाबा भोलेनाथ के मंदिर में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव।नगर के पश्चिम बाईपास मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास के चौथे सोमवार को आज पिछले सोमवारों से दोगुना भीड़ उमड़ी।यहां तक कि प्रातः 4:00 बजे से शाम तक बाबा भोलेनाथ के दर्शन, पूजन और जलाभिषेक हेतु श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आज तड़के तमाम कांवड़िए भी क्षेत्र के पवित्र नानामऊ गंगा तट से गंगाजल भरकर मंदिर लाए और पंचमुखी शिवलिंग पर पुष्प तथा बेलपत्रों के साथ जलाभिषेक किया।आज चतुर्थ सोमवार का दिन खास इसलिए भी रहा कि शुभ मुहूर्त मानकर मंदिर प्रांगण में कई कन्याओं की दिखाई और गोदभराई भी विधि-विधान से संपन्न हुई ।आज मंदिर के बाहर मैदान में विशाल मेला भी लगा। मेले में महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की जमकर खरीदारी की। जबकि बच्चों ने झूले, आइसक्रीम और चाट का आनंद लिया। मंदिर के प्रमुख पुजारी श्री सेवा चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज के सानिध्य में बाबा बोधेश्वर सेवा समिति द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया । सुरक्षा व्यवस्था हेतु महिला पुलिस बल भी तैनात किया गया। इसके अलावा नगर के नानामऊ मार्ग स्थित दुर्गेश्वर महादेव मंदिर, बाईपास मार्ग स्थित सिद्धनाथ मंदिर, नौनिहाल गंज स्थित पंचेश्वर महादेव मंदिर व टेढ़ा शिवाला तथा संडीला मार्ग स्थित भैरवानंद मंदिर में भी श्रद्धालु भक्तों द्वारा नानामऊ गंगा तट से पवित्र गंगाजल लाकर जलाभिषेक किया गया और इन सभी प्राचीन मंदिरों में भी सुबह से शाम तक दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से आवारा गोवंश घायल

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।औरास कस्बे में भोर पहर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश घायल हो गया जिससे उसके पैर में काफी चोट आई और बहुत सारा खून बह गया जिसके कारण गौवंश बेहोश होकर सड़क किनारे गिर गया प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उन्नाव संडीला रोड नर्सरी पुलिया पर ओवरलोड डंपर व अन्य वाहन आए दिन काफी तेज गति से निकलते हैं जिससे अकसर कही न कही कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है नगर पंचायत निवासी समाजसेवी पत्रकार अजीत सिंह ने उपरोक्त घायल गौवंश के इलाज को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार व स्थानीय पुलिस व पीआरवी की मदद से पशु चिकित्सालय के डॉक्टर ब्रजेश कुमार सिंह को अवगत कराया गया लेकिन डॉक्टर ने अपनी ड्यूटी को न निभाते हुए घायल गौवंश के मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया फिर समाजसेवी पत्रकार अजीत सिंह ने जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी को मामले से अवगत करा उपरोक्त डॉक्टर की लापरवाही के बारे में विस्तार से बताया तब जाकर कही औरास राजकीय पशु चिकित्सालय औरास से पैरावेट विश्वजीत सिंह यादव मौके पर पहुंचे और घायल गौवंश का इलाज किया और दर्द निवारक इंजेक्शन आदि लगाया जिससे घायल गौवंश को राहत मिली व कान्हा गौशाला के कर्मचारियों ने ट्रैक्टर की मदद से घायल गौवंश को कान्हा उपवन(गौशाला) में पहुंचाया। इस विषय को लेकर ई ओ औरास विपिन कुमार बात से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन महोदय ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा

### जल जीवन मिशन को लेकर बैठक

उन्नाव।विकास खण्ड औरास के सभागार कक्ष में राज्य पेयजल एवम स्वच्छता मिशन की प्योर लाइफ सोसायटी की टीम द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमे उपस्थिति सहायक विकास अधिकारी आईएसबी श्री आनंद श्री वास्तव के समक्ष कार्यक्रम संपादित किया गया। टीम आगनवाड़ी केंद्रों पर मातृ समिति कार्यक्रम, प्राथमिक विद्यालय पर आर्ट प्रतियोगिता , स्वच्छता मेला , नुक्कड़ नाटक ,स्वाथ्य एवम कल्याण समिति और पेयजल एवम स्वच्छता समिति आदि कार्यक्रम किए जायेंगे ।प्रत्येक ग्राम पंचायतों ये टीम जाकर जागरूकता कार्यक्रम करेंगी ।प्योर लाइफ की टीम में डी पी सी अशरफ राम प्रकाश ने बताया कि जल जंगल और जीवन ये एक दूसरे के पूरक है जल संरक्षण से ही हम सभी का जीवन आधारित है जहीर सिद्धिकी सैफ अभिषेक कुमार राहुल तिवारी मास्टर ट्रेनर हर्षित गुप्ता आदि लोग रहे ।नुक्कड़ टीम में पूजा सिंह अर्जुन चंदन पांडे आदि लोग रहे ।

# गंदे पानी से गुजर कर विद्यालय जाने को विवश छात्र

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला प्रेम गंज स्थित प्राथमिक विद्यालय भवन के मुख्य गेट के सामने गली में भीषण जलभराव है। जिससे आज सोमवार बच्चों को स्कूल जाने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा।नगर में बीते रविवार को दोपहर बाद हुई मूसलाधार बारिश के चलते विभिन्न मोहल्लों और संपर्क मार्गो के के साथ ही मोहल्ला प्रेम गंज में भीषण जलभराव हो गया था। किंतु पानी का समुचित निकास और बहाव न होने के चलते बारिश के चौबीस घंटे बीत जाने के बावजूद प्राथमिक विद्यालय को जाने वाली गली में अभी भी घुटनों तक गंदा पानी भरा हुआ है। आज सोमवार को स्कूल खुलते ही बच्चे किसी तरह गेट के निकट पहुंचे। किंतु जलभराव के चलते जूते-मोजे पहनकर स्कूल के अंदर नहीं दाखिल हो सके और सभी बच्चे नंगे पैर कक्षों में जाने को मजबूर हो गए। नागरिकों और अभिभावकों ने पालिका प्रशासन से स्कूल की गली में जलभराव जल्द समाप्त कराए जाने की मांग उठाई है।



# डिवाइडर से टकराई कार सवार पांच लोग घायल

उन्नाव। थाना औरास क्षेत्र के लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर बालाजी के दर्शन करके लौट रहे दर्शनार्थियों की कार डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया।सोमवार को सात दर्शनार्थी, बमरौली थाना काकोरी निवासी मुन्नी देवी पत्नी मोहनलाल (65) व पुत्र होरीलाल (32)व अंशिका पुत्री रोहित (11) व शिल्पी पत्नी नीरज (25) पिंकी पत्नी रोहित (28) व अमौसी थाना सरोजिनी नगर लखनऊ निवासी शत्रुहन पुत्र शीतल प्रसाद (60) गुड्डी पत्नी सुदर्शन (40)कार में सवार होकर बालाजी के दर्शन करके लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के रास्ते से घर लौट रहे थे कि कासिमपुर थाना क्षेत्र के जाहिदपुर के गांव के पास पहुंचे ही थे कि चालक को झपकी आ जाने से कार डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इसमें बैठे लोग घायल हो गए घायलों को यूपीआईडी की एंबुलेंस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास उपचार के लिए ले गई जहां चिकित्सकों ने जहां चिकित्सकों प्राथमिक उपचार करते हुए घायलों की हालत गंभीर देखकर पांच लोगों को रेफर कर दिया जबकि शिल्पी व पिंकी को मामूली चोटे आई है।

### समाजसेवी ने एसडीएम को पत्र दे आधार केंद्र खोलने की मांग की

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।औरास कस्बा निवासी समाजसेवी अजीत सिंह ने उप जिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद को लिखित प्रार्थना दे बताया कि औरास ब्लॉक के अंतर्गत लगभग इकसठ गांव व लगभग एक लाख नब्बे हजार आबादी निवास करती हैं लेकिन एक भी आधार केंद्र न होने से लोगों में मायूसी देखने को मिलती है वही समाजसेवी ने बताया कि औरास कस्बे में पुलिस थाना, नगर पंचायत कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पशु चिकित्सालय, डाकघर राष्ट्रीयकृत बैंक के अलावा महिला एवम बाल विकास विभाग, के अलावा अन्य विभाग तो है लेकिन आधार सेंटर न होने से लोगों को अन्य जगहों पर जाना पड़ता है जहां पर मनमाने पैसे वसूले जाते हैं और समय से काम भी नहीं हो पाता है वही इस समय बच्चो के आधार अपडेट या नए आधार, या छात्र छात्राओ के आधार अपडेट होने में दिक्कते आ रही है हालांकि इस संबंध में उप जिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद ने समाजसेवी के प्रार्थना पत्र पर जल्द से जल्द संबंधित से वातार्लाप कर

# शिव पार्वती विवाह की कथा का हुआ मनोरम चित्रण

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। श्री गोकुल बाबा धाम में शिव महापुराण कथा के नवें दिन कथा प्रवक्ता शैवाचार्य प्रशांत प्रभुदास जी महाराज ने भोलेनाथ और पार्वती जी के विवाह की अद्भुत कथा सुनाते हुए कहा महाशिवरात्रि का महापर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाहोत?सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधि विधान से पूजा करने पर आपको इच्छित फल की प्राप्ति होती है। मान?यता है कि महाशिवरात्रि की पूजा पति और पत?नी को साथ में बैठकर करनी चाहिए। ऐसा करने से न सिर्फ उनके रिश?ते में मिठास बढ़ती है बल्कि शिव पार्वती के आशीर्वाद से उनके दांपत?य सुख में वृद्धि होती है। महाशिवरात्रि का व्रत करने वाले दंपतियों को पूजा में शिव-पार्वती के विवाह से जुड़ी इस संपूर्ण व्रत कथा का पाठ अवश?य करना चाहिए। इससे आपको महापुण?य के साथ व्रत का संपूर्ण फल प्राप?त होता है। कड़ी तपस्या के बाद पार्वती जी का शिव जी से विवाह का सौभाग्य बना। भोले की अद्भुत बारात में भूत पिशाच नंदी भृंगी सब हिमालय राज के द्वारे पहुंचते हैं। भोले के आभूषण सांप बिच्छू भी उनके शरीर पर बड़े उत्साहित हो रहे है। पर्वतराज हिमाचल ने पत?नी मेनासहित कन्यादान का कार्य आरंभ किया। उस समय वस्त्राभूषणों से विभूषित महाभागा मेना सोने का कलश लिए पति हिमवान के दाहिने भाग में बैठीं। तत्पश्चात् पुरोहितसहित हर्ष से भरे हुए शैलराज ने पाद्य आदि के द्वारा वर का पूजन करके वस्त्र, चन्दन और आभूषणों द्वारा उनका वरण किया। इसके बाद हिमाचल ने ब्राह्मणों से कहा- 'आप लोग तिथि आदि के कीर्तनपूर्वक कन्यादान के संकल्प वाक्य का प्रयोग बोलें। उसके लिये अवसर आ गया है।'

वे सत्र द्विजश्रेष्ठ काल के ज्ञाता थे। अतः 'तथास्तु' कहकर वे सब बड़ी प्रसन्नता के साथ तिथि आदि का

### विवाहोत्सव में झूम नाच कर आनंदित हुए श्रद्धालु


कीर्तन करने लगे। तदनन्तर सुन्दर लीला करने वाले परमेश्वर शम्भु के द्वारा मन-ही-मन प्रेरित हो हिमाचल ने प्रसन्नतापूर्वक हंसकर उनसे कहा- 'शम्भो ! आप अपने गोत्र का परिचय दें। प्रवर, कुल, नाम, वेद और शाखा का प्रतिपादन करें। अब अधिक समय न बिताएं।'

हिमाचल की यह बात सुनकर भगवान शंकर सुमुख होकर भी विमुख हो गए। अशोचनीय होकर भी तत्काल शोचनीय अवस्था में पड़ गए। उस समय श्रेष्ठ देवताओं, मुनियों, गन्धर्वों, यक्षों और सिद्धों ने देखा कि भगवान शिव के मुख से कोई उत?तर नहीं निकल रहा है। नारद यह देखकर तुम हंसने लगे और महेश?वर का मन ही मन स?मरण करके गिरिराज से बोले ।नारद ने कहा, पर्वतराज! तुम मूढ़ता के वशीभूत होकर कुछ भी नहीं जानते। महेश्वर से क्या कहना चाहिए और क्या नहीं, इसका तुम्हें पता नहीं है। वास्तव में तुम बड़े महिर्मुख हो। तुमने इस समय साक्षात हर से उनका गोत्र पूछा है और उसे बताने के लिए उन्हें प्रेरित किया है। तुम्हारी यह बात अत्यन्त उपहासजनक है। पर्वतराज ! इनके गोत्र, कुल और नामको तो विष्णु और ब्रह्मा आदि भी नहीं जानते, फिर दूसरों की क्या चर्चा है ? शैलराज ! जिनके एक दिन में करोड़ों ब्रह्माओं का लय होता है, उन्हीं भगवान्-शंकर को तुमने आज काली के तपोबल से प्रत्यक्ष देखा है। इनका कोई रूप नहीं है, ये प्रकृति से परे निर्गुण, परब्रह्म परमात्मा हैं। निराकार, निर्विकार, मायाधीश है। साथ ही अपने भक्तों के प्रति बड़े दयालु हैं। भक्तों की इच्छा से ही ये निर्गुण से सगुण हो जाते हैं, निराकार होते हुए भी सुन्दर शरीर धारण कर लेते हैं और अनामा होकर भी बहुत-से नाम वाले हो जाते हैं। ये गोत्रहीन होकर भी उत्तम गोप्र वाले हैं, कुलहीन होकर भी कुलीन है, पार्वती की तपस्या से ही ये आज तुम्हारे जामाता बन गए हैं, इसमें संशय नहीं है। गिरिश्रेष्ठ। इन लीला विहारी परमेश्वर ने चराचर जगत को मोह में डाल रखा है। विवाह संपन्न होने पर विशाल पांडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने झूम झूम कर शिव पार्वती विवाह का आनंदोत्सव मनाया।

पावन कथा के बीच भजन गायक सुमित और संगतकताओं आकाश और धर्मेंद्र ने सुमधुर संगीत के साथ भजनामृत से सबको मंत्रमुग्ध किया। कथा आजमान देवी प्रसाद साहू, हरि प्रसाद साहू, संतोष साहू, धीरज सिंह, विक्रम सिंह, नीलम त्रिपाठी, निशीथ निगम, राधा निगम, डॉ सुषमा सिंह, लीलावती, संतोष तिवारी, ललिता तिवारी, कथा अध्यक्ष अधिवक्ता राजेश त्रिपाठी व श्रीकांत शुक्ला मुकुल, व्यवस्थापक जितेन्द्र सिंह(अन्नू), संरक्षकों हरि सहाय मिश्र मदन, डॉ सुषमा सिंह, कमल वर्मा, राजेन्द्र सिंह सेंगर, साधना दीक्षित, राहुल पाण्डेय, विघ्नेश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, सरिता सिंह, वंदना सिंह, दीपाली सिंह, इंद्र मणि मिश्रा एडवोकेट, अभिषेक शुक्ला, संजय त्रिपाठी, अनिल गुप्ता, संजय शुक्ला, दिव्या शुक्ला, शोभा पांडेय, चंद्रप्रकाश बाजपाई, ओम प्रकाश सोनी, कुलदीप सिंह, कुँवर बहादुर सिंह, रवि प्रकाश सिंह, कौशल किशोर यादव, संतोष दीक्षित, मनोज सिंह, शिवेन्द्र अवस्थी, रोहित अवस्थी शुभ दुबे, सोनू सिंह, सोनू पावर हाउस आदि ने आशीर्वाद प्राप्त किया। संयोजक डॉक्टर मनीष सिंह सेंगर ने आगामी 13 अगस्त को होने वाले 1008 पार्थिव शिव लिंगों के सामूहिक रुद्राभिषेक में ज्यादा से ज्यादा लोगों को सपरिवार शामिल होने के लिए पंजीकरण कराने की जानकारी दी। आचार्य कार्तिकेय द्विवेदी ने तीन दिवसीय स्वर्ण भैरव महायज्ञ में सपरिवार भाग लेने का आवाहन सुधि जनों से किया।

# छात्रो ने चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज नगर पंचायत गंजमुरादाबाद कार्यालय द्वारा नगर के विभिन्न विद्यालयों में कई कार्यक्रम कराए गए। जिसमें बच्चों द्वारा रंगोली बनाने के साथ ही चित्रकला/ पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर आज नगर पंचायत गंजमुरादाबाद कार्यालय द्वारा नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगोली बनाई गई।इसी के साथ ही नगर के बीआरसी कार्यालय के पास स्थित कन्या कामोत्तर विद्यालय में बच्चों से चित्रकला/ पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता संबंधित चित्र बनाकर अच्छा संदेश दिया गया।इस मौके पर फजलुर्रहमान ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र का निर्माण, विकास और प्रगति किसी देश के युवाओं के योगदान पर निर्भर करता है।सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों के लिए युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।ऐसे में युवाओं का विकास और उनके जीवन से जुड़ी समस्याओं को समझना जरूरी है।युवाओं की समस्याओं के बारे में जानकर उनका समाधान निकाला जाना चाहिए ताकि वह समाज के लिए आवाज उठा सकें।इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मो० कामिल कुरैशी सहित कार्यालय का स्टाफ भी मौजूद रहा।

## सम्पादकीय

# बैंक में चार नॉमिनी बनाने से खाताधारकों को होगा लाभ

मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद सरकार ने बैंकिंग कानून संशोधन 2024 संसद में पेश कर दिया। इसके पास हो जाने के बाद बैंकिंग नियमों में कई बड़े बदलाव हो जाएंगे, जिनकी लंबे समय से मांग की जा रही थी। सबसे बड़ा बदलाव तो यह होगा कि अब बैंक में खाते खुलवाने के दौरान चार नॉमिनी बनाए जा सकेंगे। कुछ समय पहले आरबीआई ने खाता खुलवाते समय ही नॉमिनी का नाम भरा जाना अनिवार्य किया था। उससे पहले बिना नॉमिनी के भी खाते खुल सकते थे, क्योंकि फार्म में इस कॉलम को भरा जाना वैकल्पिक था। नॉमिनी के बिना खोले गए खातों की बड़ी संख्या के चलते ही आज देश के बैंकों में 78,000 करोड़ रुपये यूं ही रखे हैं, मगर कोई दावा करने नहीं आता। अनेक मामले तो ऐसे भी हैं, जहां न तो अब नॉमिनी है और न ही खाताधारक। इसलिए ये पैसे बैंकों में ही पड़े हैं। नियमों के हिसाब से यह पैसा परिवार के अन्य सदस्यों को दिया ही नहीं जा सकता। अभी नियम यह है कि जब आप बैंक खाता खुलवाते हैं तो आपको एक नॉमिनी का नाम दर्ज करना होता है। इसका मकसद आपकी मृत्यु के बाद खाते में जमा पैसे को उस व्यक्ति को देना होता है। अभी आप इसके लिए एक ही शख्स का नाम नॉमिनी में लिख सकते थे, लेकिन अब नए नियम के तहत आप एक से ज्यादा लोगों को अपने खाते में नॉमिनी बना सकेंगे। इसके अलावा, बीमा और हिंदू अविभाजित परिवार खाते की तरह, लगातार और एक साथ नॉमिनी बनाने की सुविधा से संयुक्त खाताधारक और वारिसों को खाताधारक की मौत के बाद पैसा मिल सकेगा। इन बदलावों का मकसद ग्राहक को किसी भी तरह की परेशानी से बचाना है। आरबीआई द्वारा बैंकों में पड़े धन को लेकर विशेष अभियान भी चलाया गया था। उसके संतोषजनक परिणाम सामने न आने से नियमों में बदलाव करने की तैयारी की गई। अब सार्वजनिक भविष्य निधि खाते यानी पीपीएफ में भी एक से ज्यादा नॉमिनी तय करना संभव होगा। आरबीआई ने म्यूचुअल फंड और दूसरी वित्तीय कंपनियों को यह आदेश दिया था कि वे दावारहित राशि को उनके सही मालिकों को लौटाएं, लेकिन इसके बावजूद मार्च 2024 के अंत तक ऐसी राशि बढ़कर 78,000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है। बैंकों ने कई बार ऐसी रकम के दावे निपटाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 में सहकारी बैंकों के संबंध में भी कुछ बदलाव किए जाने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा, विधेयक में वैधानिक लेखा परीक्षकों को भुगतान किए जाने वाले पारिश्रमिक को तय करने में बैंकों को अधिक स्वतंत्रता देने का प्रावधान है। इस विधेयक की घोषणा वित्त मंत्री ने अपने 2023-24 के बजट भाषण में की थी। हालांकि विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि सहकारी बैंक राज्यों के तहत आते हैं। उनके लिए नियम कानून बनाना राज्यों के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन होगा। जिसे वित्तमंत्री निर्मला सीमारमण ने सीधे-सीधे रिज कर दिया। इस विधेयक में एक और बड़े बदलाव का प्रावधान किया गया है। इसके तहत कंपनी के निदेशकों के सबस्टेंशियल इंटरेस्ट को फिर से परिभाषित किया गया। इसके तहत 3 लाख की राशि को बढ़ाकर दो करोड़ कर दिया है। लंबे समय बाद इसमें बदलाव किया गया। असल में हमारे बैंकिंग सिस्टम में अनेक खामियां हैं। जिन्हें समय-समय पर दुरुस्त करने की जरूरत है। इन कमियों के कारण खाताधारकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब नए नियमों से कुछ सुधार की उम्मीद जगी है।



श्रद्धांजलि
उमेश चतुर्वेदी

# उदारवादी वामपंथी थे बुद्धदेव..

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए बुद्धदेव भट्टाचार्य ने आर्थिक उदारीकरण की ओर कदम बढ़ाया। उन्होंने राज्य के औद्योगीकरण की ओर भी कदम बढ़ाया। सिंगूर में टाटा का कारखाना लगाने के लिए उन्होंने जमीन का अधिग्रहण किया, जिसके खिलाफ बंगाल व्यापी आंदोलन छिड़ा और उसकी आंच में ही 2011 में हुए विधानसभा चुनावों में वाम मोर्चे की हार हुई। पैरोकार और ताजिंदगी सादगी के प्रतीक रहे बुद्धदेव को एक ऐसे उदार वामपंथी के रूप में याद किया जाएगा, जो शिष्ट था, शालीन था। अपने इन्हीं मानवीय गुणों की वजह से वह अपना लालगढ़ बचा नहीं पाए। उनके निधन से वामपंथी राजनीति का एक अध्याय समाप्त हो गया है।

साल 2000...नई सदी करवट बदल रही थी। इक्कीसवीं सदी के स्वागत के साथ ही भारतीय राजनीतिक आसमान में एक सवाल रह-रहकर उछल उठता...बंगाल के लालगढ़ का उत्तराधिकारी कौन होगा। धान, केला और ताड़ की भूमि बंगाल की माटी को लाल सलाम की आदत डालने वाले ज्योति बसु के रिटायरमेंट की चर्चाएं जारी थीं। महज चार साल पहले गैर बीजेपी विपक्ष की नजर में प्रधानमंत्री पद की पहली पसंद रहे वामपंथी दिग्गज इस चर्चा के सिर्फ चार साल बाद ही रिटायर होने जा रहे थे।

सोशल मीडिया के दौर में राजनीतिक रूप से चेतन हो रही और अक्सर कांग्रेस की बलैया लेने वाली नई पीढ़ी को जानना चाहिए..तब सिर्फ बीजेपी ही नहीं, कांग्रेस को भी समूचा विपक्ष अछूत बनाने के लिए उतावला रहता था। ऐसा अछूत, जिसके कंधे की सवारी में उसे छूत नहीं लगती थी लेकिन सत्ता में उसे दूर रखने की भरपूर कोशिश होती थी। उन दिनों वामपंथ के देश में तीन गढ़ थे। तीनों गढ़ तीनों कोनों पर..पहला सुदूर दक्षिण स्थित भगवान के अपने घर में..कितना बड़ा विरोधाभास है कि भगवान के अपने घर में वामपंथ का किला आज भी गड़ा हुआ है, उस वामपंथ का, जो भगवान को नहीं मानता, जो धर्म को अफीम मानता है। खैर, दूसरा गढ़ पश्चिम बंगाल था तो तीसरा त्रिपुरा। तब बंगाल को सबसे बड़ा गढ़ माना जाता था। माना भी क्यों न जाए, वहां लगातार 23 सालों से लाल सरकार चल रही थी।

ज्योति बसु के उत्तराधिकारी का नाम हवा में उछलता तो था, लेकिन उसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाती थी। इसी बीच इन पंक्तियों के लेखक को फ्रीलांस के तौर पर सीपीएम के तत्कालीन महासचिव हरकिशन सिंह सुरजीत का साक्षात्कार का मौका मिला। साल था 2000, मार्च का महीना और तारीख थी 23 मार्च। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत का दिन, भारतीय राजनीति के चिर विद्रोही राममनोहर लोहिया की जयंती...दिन भी याद है..वह दिन था गुरुवार...तो उस गुरुवार की ठंडाती शाम को राजधानी दिल्ली के तीनमूर्ति लेन स्थित सुरजीत के बंगले के सन्नाटे के बीच इंटरव्यू हुआ। इंटरव्यू इतना दमदार रहा कि बुखार में तपता शरीर जैसे उत्साह से भर उठा। पत्रकारों को पता है कि उनकी जिंदगी में स्कूप का क्या महत्व था। इंटरव्यू से इन पंक्तियों के लेखक को स्कूप हाथ लग गया था। सुरजीत रौ में बोल गए थे..बुद्धदेव भट्टाचार्य होंगे ज्योति बसु के उत्तराधिकारी..यानी बंगाली लालगढ़ के अगले सेनापति। तब कोलकाता से लेकर दिल्ली तक की फिजाओं में अनिल विस्वास और विमान बसु के भी नाम तैरते रहते थे लेकिन उसकी पुष्टि नहीं हो पाती थी। सुरजीत के सामने बसु के उत्तराधिकारियों के तौर पर इन दोनों के नाम रखे गए। इससे वे झल्ला गए और बुद्धदेव भट्टाचार्य का नाम उन्होंने ले लिया। दैनिक हिंदुस्तान ने इस इंटरव्यू को तो रविवार 26 मार्च 2000 के अंक में छापा, लेकिन खबर दो दिन पहले ही स्कूप के रूप में छाप दी। तब सीपीएम की रिपोर्टिंग पर केरल के मलयालम और पश्चिम बंगाल के बंगला अखबारों के साथ ही कुछ राष्ट्रीय अंग्रेजी अखबारों का दबदबा था। वामपंथ से जुड़ी ब्रेकिंग कहानियां उन्हें ही मिलती थीं और वे ही उसे छापते भी थे लेकिन हिंदी वाले को वामपंथ से



जुड़ी बड़ी कहानी मिल गई तो वे चौंक उठे। खैर...इतना वितान रचने की जरूरत इसलिए पड़ रही है कि 11 साल तक पश्चिम बंगाल की वामपंथी सरकार की कमान संभालने वाले बुद्धदेव भट्टाचार्य अब नहीं रहे। लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया। भट्टाचार्य ज्योति बसु सरकार में करीब 18 साल तक मंत्री रहे थे। उन्होंने गृह मंत्रालय समेत कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों में काम किया। पश्चिम बंगाल में बुद्धदेव भट्टाचार्य सीपीएम के दूसरे और अंतिम मुख्यमंत्री थे। जाधवपुर विधानसभा क्षेत्र से उन्होंने लगातार जीत हासिल की थी।ु द्धदेव भट्टाचार्य पहली बार साल 1977 में विधानसभा चुनाव जीतकर कोसीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने थे। इतना ही नहीं, वे लगातार 24 साल तक विधायक रहे। उन्होंने 2015 में सीपीआई (एम) के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति से इस्तीफा दे दिया था और 2018 में राज्य सचिवालय की सदस्यता छोड़ दी थी। उनके निधन से वामपंथी राजनीति का एक अध्याय समाप्त हो गया है। यहां बता दें कि बुद्धदेव भट्टाचार्य चेन स्मोकर थे...उनका सिगरेट का खर्च इतना था कि मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें सीपीएम से जो छह हजार का भत्ता मिलता था, वह भत्ता उनके सिगरेट के लिए कम पड़ता था। यहां नई पीढ़ी के लिए यह बताना जरूरी है कि वामपंथी दलों में विधायक, सांसद, मंत्री और मुख्यमंत्री को पार्टी की ओर से तय भत्ते मिलते हैं। उन्हें अपनी पूरी तनख्वाह पार्टी को देनी होती है। यहां तक कि अगर वे बंगले के अधिकारी हैं तो उन्हें अपने बंगले में पार्टी द्वारा तय किए लोगों को भी रहने देना होता है।

ऐसे में सवाल यह है कि बुद्धदेव भट्टाचार्य का बाकी खर्च कैसे चलता था। उनकी पत्नी मीरा भट्टाचार्य कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्राध्यापक थीं। मुख्यमंत्री का घर उनकी पत्नी के पैसे से चलता था। बुद्धदेव भट्टाचार्य का जन्म एक मार्च 1944 को उत्तरी कोलकाता में हुआ था। उनका पुश्तैनी घर बांग्लादेश में है। बुद्धदेव ने कोलकाता के प्रतिष्ठित प्रेसीडेंसी कॉलेज से बांग्ला साहित्य से बांग्ला में बीए (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त की थी। 1966 में वे कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से जुड़ गए। पार्टी ने उन्हें जून, 1968 में युवा शाखा डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन का राज्य सचिव बनाया, जिसका बाद में डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया में विलय हो गया था। बुद्धदेव ने अपनी जिंदगी की शुरुआत अध्यापक के रूप में की। लेकिन बाद में वे पूरी तरह राजनीति में समाहित हो गए।

वामपंथी दलों को उदारीकरण का विरोधी माना जाता है। साल 2000 से 2011 तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए बुद्धदेव भट्टाचार्य ने आर्थिक उदारीकरण की ओर कदम बढ़ाया। उन्होंने राज्य के औद्योगीकरण की ओर भी कदम बढ़ाया। सिंगूर में टाटा का कारखाना लगाने के लिए उन्होंने जमीन का अधिग्रहण किया, जिसके खिलाफ बंगाल व्यापी आंदोलन छिड़ा और उसकी आंच में ही साल 2011 में हुए विधानसभा चुनावों में वाम मोर्चे की हार हुई। उनकी एक बेटी थीं सुचेतना भट्टाचार्य। थीं इसलिए कि उन्होंने अपना लिंग परिवर्तन करवा लिया और अब वे लड़का हो गई हैं। अब वह सुचेतन भट्टाचार्य के नाम से जानी जाती हैं। उन्होंने ही बुद्धदेव के निधन की जानकारी लोगों को दी। वामपंथ में उदारीकरण के पैरोकार और ताजिंदगी सादगी के प्रतीक रहे बुद्धदेव भट्टाचार्य को राजनीति और देश किस रूप में याद करेगा, यह तो बाद की बात है। लेकिन इतना जरूर है कि एक ऐसे उदार वामपंथी के रूप में याद किया जाएगा, जो शिष्ट था, शालीन था, वामपंथी वैचारिकी की उत्तेजनाओं से दूर था और उससे भी कहीं ज्यादा उदारीकरण का पैरोकार था। और अपने इन्हीं मानवीय गुणों की वजह से वह अपना लालगढ़ बचा नहीं पाए।

मंथन
रोहित कौशिक




# विनेश और बेटियों का सम्मान

भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने कुश्ती को अलविदा कह दिया है। विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा -'मां कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई, माफ करना। आपका सपना मेरी हिम्मत सब टूट चुके हैं। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब। अलविदा कुश्ती 2001-2024'। विनेश फोगाट को लेकर सोशल मीडिया पर भी तरह-तरह के बयान आ रहे हैं। भले ही वह ज्यादा वजन के कारण ओलंपिक से बाहर हो गई हों लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जो कुछ उन्होंने झेला है, वह संकेत करने के लिए काफी है कि हम अभी भी बेटियों को सम्मान देना नहीं सीख पाए हैं। विनेश पर जिस तरह की राजनीति की गई वह भी सभी के सामने है। इस प्रगतिशील दौर में हमें यह सोचना होगा कि महिलाओं के संदर्भ में बड़ी-बड़ी बातें करने वाला यह समाज इस मुद्दे पर खोखला आदर्शवाद क्यों अपना लेता है ? लेकिन महिलाएं हमारे इस व्यवहार से बेपरवाह हमें सम्मान देने में जुटी हुई हैं। महिलाएं आसमां छू रही हैं और हम जमीन पर उन्हें दबोच कर उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं। हमारे देश की बेटियों ने यह कई बार सिद्ध किया है कि यदि उन्हें प्रोत्साहन और सम्मान दिया जाए तो वे हमारे देश को अन्तरराष्ट्रीय फलक पर एक नई पहचान दिला सकती हैं। लेकिन हमारे समाज में आजादी के इतने वर्षों बाद भी बेटियां वह सम्मान प्राप्त नहीं कर पाईं जिसकी वे हकदार थीं। यह विडम्बना ही है कि शिक्षित होने के बावजूद हम अभी आत्मिक रूप से विकास नहीं कर पाए हैं। पितृसत्तात्मक समाज में लड़कियों को रोज नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

इस दौर में हमारे समाज के एक छोटे से तबके में लड़कियों को पूर्ण छूट दी जाने लगी है लेकिन यहां उनकी चुनौतियां अलग तरह की होती हैं। कुल मिलाकर पितृसत्तात्मक समाज लड़कियों के लिए अनेक तरह के अवरोध खड़े कर रहा है। यह समाज इन अवरोधों के समर्थन में अलग तरह के तर्क गढ़ता है। यह जानते हुए भी कि इन तर्कों का कोई आधार नहीं है, यह समाज इन तर्कों को नियमों की तरह लड़कियों पर लादता है। जब हम इन आधारहीन नियमों को सिर्फ लड़कियों पर लादते हैं तो एक तरह से हम पितृसत्ता को पुनः प्रतिष्ठापित करते हैं। 21वीं सदी में भी यदि लड़कियों को आगे बढ़ने की कोशिश करने पर ताने सुनने पड़ें तो हमें यह सोचना होगा कि हमारी प्रगतिशीलता में कहां कमी रह गई है? केवल भाषणबाजी से समाज में प्रगतिशीलता नहीं आती है। इसके लिए हमें बहुत सी सड़ी-गली परम्पराओं को दांव पर लगाना पड़ता है। शिक्षा ग्रहण कर समाज के हर वर्ग के उत्थान में उसका उपयोग करना ही सच्ची प्रगतिशीलता है।

इस दौर में विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या हम लड़कियों और महिलाओं के संदर्भ में सच्चे अर्थों में प्रगतिशील हैं ? दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि खेलों में भी लड़कियों को अनेक स्तरों पर चुनौतियां झेलनी पड़ती हैं। छोटी उम्र में अनेक लड़कियों को समाज के डर से अपने शौक की कुर्बानी देनी पड़ती है। इसीलिए हमारे देश में बहुत सारी महिला प्रतिभाएं जन्म ही नहीं ले पाती हैं या फिर असमय दम तोड़ देती हैं। खेल जगत में भी महिला खिलाड़ियों को पग-पग पर पितृसत्ता की चुनौती झेलनी पड़ती है और बार-बार महिला होने का खामियाजा भुगतना पड़ता है। प्रशिक्षण के दौरान और मैदान पर महिला खिलाड़ियों से छेड़छाड़ की घटनाएं आम हैं। ऐसी घटनाओं और ऐसे वातावरण को देखकर अन्य परिवारों का मनोबल भी टूट जाता है और वे अपनी बेटियों को खेल के क्षेत्र में भेजने से कतराने लगते हैं। रही सही कसर खेल जगत में पसरी राजनीति पूरी कर देती है। एक तरफ बेटियां खेलों में पसरी राजनीति से जूझती हैं तो दूसरी तरफ समाज में पसरी राजनीति उनकी राह में कांटे बिछा देती है। बेटियों और महिलाओं के खिलाफ यह राजनीति अन्ततः सामाजिक विकास को पीछे धकेलती है। फलस्वरूप बेटों और बेटियों में अनेक स्तरों पर एक अंतर बना रहता है। यह अन्तर विद्यमान रहने के कारण ही उन्हें 'देह' भर माना जाता है। इस दौर में महिलाओं से बलात्कार की बढ़ती घटनाएं और उन पर हो रहे हमले इस बात का प्रमाण है कि हम आज भी बेटियों को मात्र भोग की वस्तु मानते हैं। इस तथ्य को गलत सिद्ध करने के लिए यह कहा जा सकता है कि सारा समाज ऐसा नहीं है

## कष्टों से भागें नहीं उनका सामना करें



संकलित
दर्शन

हमारे रोजमर्रा के जीवन में समस्याओं का पैदा होना स्वाभाविक है। हमारे जीवन की सबसे बड़ी समस्याएं वे हैं, जिनका हमें सामना करना पड़ता है, जैसे— बुढ़ापा, बीमारी और मृत्यु। इन समस्याओं से बचने या उनके विषय में न सोचने से अस्थायी आराम तो मिल सकता है लेकिन, अगर आप अपने कष्ट का खुलकर सामना करते हैं तो आप अपनी समस्या को ज्यादा अच्छे ढंग से समझ सकते हैं। यदि आप कोई युद्ध लड़ रहे हैं तो जब तक आप अपने शत्रु की स्थिति और उसकी सैन्य क्षमता पर ध्यान नहीं देंगे, तब तक आपकी तैयारी पूरी नहीं होगी और आप डर के कारण शिथिल हो जाएंगे। यदि आपको अपने शत्रु की सैन्य क्षमता और उसके हथियारों आदि के बारे में पता लग जाए तो युद्ध के समय आपकी स्थिति बेहतर हो जाएगी। इसी तरह यदि आप अपनी समस्याओं से बचने के बजाय उनका सामना करेंगे तो उनसे निपटने में आपको आसानी होगी। उदाहरण के लिए आपको बुढ़ापा और मृत्यु नकारात्मक या अवांछित लगें और आप उन्हें भूलना चाहें, फिर भी ये चीजें तो आएंगी। यदि आप इनके बारे में सोचने से बचते रहें तो जिस दिन इनमें से कोई भी घट गई तो आपको असहनीय मानसिक पीड़ा हो सकती है। यदि आप बुढ़ापा, मृत्यु और इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण चीजों पर सोचने में कुछ समय लगाएंगे तो इनके होने पर भी आपका मस्तिष्क स्थिर रहेगा। एक बात व्यक्ति को ध्यान में रखनी है, वह यह है कि कष्ट के बारे में विचार करना बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे बचने की संभावना है; एक विकल्प है।

## जहां पवन है, वहां मन



संकलित
प्रेरणा

मन शब्द से हर कोई परिचित है। मन का साम्राज्य विशाल है। योग की एक प्रसिद्ध सूक्ति है— 'यत्र पवनस्तत्र मन' अर्थात जहां पवन है, वहां मन है। मन क्या है? यह प्रश्न सहज ही उठता है। सामान्य शब्दों में कहें तो जो चेतना बाहर जाती है, उसका प्रवाहात्मक अस्तित्व ही मन है। मन का अर्थ है— संकल्प-विकल्प। मन का अर्थ 'स्मृति और चिंतन' के इर्द-गिर्द घूमता है। मन का अर्थ समय की परिधि में तीनों कालों में बंटा हुआ है। मन अतीत की स्मृति करता है, भविष्य की कल्पना करता है तथा वर्तमान का चिंतन करता है। मन की प्रकृति चंचल है, इसीलिए कभी व्यग्र होता है,कभी एकाग्र। मन के स्थान के संबंध में पृथक-पृथक धारणाएं प्रचलित हैं। कोई इसे हृदय के नीचे, कोई हृदय के बीच तो कोई समूचे शरीर में व्याप्त बताता है। शरीर शास्त्र के अनुसार मन का स्थान मस्तिष्क है। वस्तुत मन का शासन सर्वत्र व्याप्त है। मन के स्वरूप को जानना इसलिए आवश्यक है कि वह हमारी साधना का मुख्य आधार है। उसी के आधार पर ध्यान, उपलब्धियों, अनुपलब्धियों का लेखा-जोखा होता है। मन के साथ चेतना का योग न हो तो ध्यान की कोई आवश्यकता नहीं है। मन का स्वरूप चेतना की धारा से निर्मित होता है। वह न चंचल है; न स्थिर है। जैसा उत्पादन होता है, वैसा ही वह निर्मित हो जाता है। हमारे मन में हजारों अवस्थाएं प्रतिदिन घटित होती हैं। जब मन बाह्य-साक्षात्कार में लगता है, तब मन में हजारों घटनाएं घटित होती हैं। अकारण प्रेम, शत्रुता व भय के भाव आ जाते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती

एक अगस्त से नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती की जा रही है। इस दिन से अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन ने इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए, स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया और स्कूलों ने विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे हैं कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन चलाते समय हैल्मेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए जरूर करना चाहिए, न कि चालान के डर से। - प्रीतिम सिंह

## करंट अफेयर

### 9 साल की उम्र में शादी, मुस्लिम देश के नए 'कानून' पर बवाल


इराक की संसद में पेश हुए विधेयक को लेकर आजकल जोरदार हंगामा हो रहा है। इस विधेयक में लड़कियों की शादी के लिए न्यूनतम आयु घटाकर 9 साल करने का प्रस्ताव रखा गया है। इराक के कानून मंत्रालय की तरफ से इस कानून का प्रस्ताव संसद में रखा गया है। फिलहाल इराक में भी महिलाओं की शादी के लिए न्यूनतम आयु 18 साल है। इस विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि कोई भी व्यक्ति खुद चुन सकता है कि उसके पारिवारिक मामले धार्मिक अथॉरिटी तय करेगी या फिर न्यायालय। इस विधेयक के आलोचकों का कहना है कि इससे उत्तराधिकार, तलाक और बच्चों की कस्टडी समेत कई अधिकारों का हनन होगा।



## ऑफ बीट

### अब जंग के मैदान में 'युद्ध के कुत्ते' उतारेगा यूक्रेन

रूस के साथ जारी युद्ध के बीच यूक्रेन एक बेहद बड़ी तैयारी में जुटा है। 24 फरवरी 2022 को रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। तब से दोनों ओर से सैकड़ों सैनिक मारे गए हैं। रूस के मुकाबले बेहद छोटा देश के कारण यूक्रेन को अब मानव संसाधनों की कमी से जूझना पड़ रहा है। यही वजह है कि सैनिकों की कमी के कारण अब यूक्रेन ने युद्ध के कुत्तों को मैदान में उतारने का फैसला किया है। यूक्रेन अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इसी क्रम में अब यह यूरोपीय देश अपने फ्रंटलाइन पर रोबोटिक कुत्तों की तैनात करेगा। ये अत्याधुनिक मशीनें हैं जिन्हें "बैड वन" (BAD One) के नाम से जाना जाता है।



## ट्रेंड

### हर घर तिरंगा

आइए फिर से #हरघरतिरंगा को यादगार जन आंदोलन बनाएं। मैं अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदल रहा हूं और मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप भी ऐसा करके हमारे तिरंगे का जश्न मनाने में मेरे साथ शामिल हों। - नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### मोदी जी का कथन उचित

माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा यह आश्वासन देना कि एससी-एसटी वर्ग में क्रीमी लेयर को लागू नहीं करने तथा उनके आरक्षण में कोई उप-वर्गीकरण भी नहीं करने की मांगों पर ग़ौर किया जाएगा, यह उचित व ऐसा किए जाने पर स्वागत योग्य है।
- मायावती, बसपा सुप्रीमो



### नीरज का बेहतर प्रदर्शन

कल रात पूरा भारत जाग रहा था, सुनहरे हाथ वाले लड़के के लिए। नीरज चोपड़ा ने अपने टोक्यो ओलंपिक 2020 के स्वर्ण पदक थ्रो में सुधार करते हुए अपना सीज़न सर्वश्रेष्ठ दिया। फिर भी वह स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए।
- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति



### बदलाव के लिए कहें हां

मेरा मानना है कि आप या तो बाहर से स्थायी रूप से आलोचक हो सकते हैं, या आलोचना का हिस्सा बन सकते हैं और चीजों को बदलने की कोशिश कर सकते हैं। अगर आप चीजों में थोड़ा सा भी बदलाव कर सकते हैं, तो आपको हां कहना चाहिए।
- शेखर कपूर, फिल्म निर्माता



## संक्षेप

### शहीदों के स्तंभ पर माल्यार्पण कर किया नमन

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड मुख्यालय कैसरगंज के प्रांगण शहीदों के स्तंभ पर ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन की अगुवाई में भाजपा कार्यकताओं ने ब्लॉक परिसर में बने स्तंभ पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा देश को आजाद करने में अहम भूमिका थी। आज उन्हीं लोगों के भरसक प्रयास से हमारा देश आजाद हुआ। इन्हीं शहीदों का बलिदान आज हमारा देश याद कर रहा है। जिस उपलक्ष में ब्लॉक परसर में बने सेनानियों के स्तंभ पर माल्यार्पण कार्यकताओं द्वारा किया गया है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन, पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी, शिव सहाय सिंह, अनुरूढ़ प्रताप सिंह, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, बृजेश सहित भाजपा कार्यकताओं ने शहीदो के बने स्तंभ पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया।

### चहलवा में कलश यात्रा निकाल कर शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। तहसील मिहींपुरवा थाना सुजौली के अंतर्गत ग्राम पंचायत चहलवा के मजरा सिशनपुरवा में जन सहयोग से आयोजित कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में शामिल शिव भक्तों ने कैलाशपुरी से जल भरकर त्यागी बाबा मंदिर व सिशन पुरवा मंदिर में जलाभिषेक किया। कार्यक्रम में अगुवाई कर रहे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद ने बताया कि कार्यक्रम शिव शंकर मंदिर कमेटी और जन सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें प्रेम सिंह रमन सिंह लवकुश निषाद सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग मिला है। सुरक्षा की दृष्टि से थाना सुजौली की पुलिस मौजूद रही ।इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।

### अमेठी में युवती को सांप ने काटा, मौत

अमेठी जिला, अमेठी में देर रात शौच के लिए घर के बाहर निकली युवती को जहरीले सांप ने काट लिया। आनन-फानन में परिजन युवती को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुबह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर मौजूद डॉक्टर के मुताबिक युवती की अस्पताल लाने से पहले ही मौत हो गई थी। दरअसल ये पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के गौरी मिश्र का पुरवा अरसहनी गांव का है। जहां के रहने वाले दिनेश मिश्र की बेटी लकी (18) देर रात शौच के लिए घर से बाहर निकली, तभी अचानक जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने की जानकारी मिलते ही परिजन लकी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन द्वारा पुलिस को मेमो दिया गया।

# नई दिल्ली के लिए रवाना हुए एकलव्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं

**कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम ने वाहन को दिखाई हरी झण्डी**



### राष्ट्रपति से वातालांप का मिलेगा अवसर

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2024 को लाल किला नई दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आमंत्रित किये गये जनपद के एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय बोझिया बहराइच में जनजाति समुदाय के अध्ययनरत 07 छात्र-छात्राओं के दल के वाहन को जिलाधिकारी मोनिका ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर, परियोजना अधिकारी जनजातीय विकास यू.के. सिंह, सहायक प्रबन्धक समाज कल्याण देववृत्त शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

इससे पूर्व कलेक्ट्रेट पहुंचने पर छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी मोनिका रानी से शिष्टाचार भेंट करते हुए थारू हस्तशिल्पी के तहत मूंज से निर्मित कलाकृति हैट, छात्रा द्वारा तैयार किया गया डीएम का स्कैच तथा शोपीस किया। शिष्टाचार भेंट के दौरान डीएम ने बच्चों का परिचय प्राप्त कर पठन-पाठन के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए बच्चों के परिजनों का भी कुशलक्षेम पूछा। दिल्ली के लिए जा रहे बच्चों को डीएम ने लंच पैकेट व मिष्ठान भेंट कर सकुशल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी तथा साथ में जा रहे अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

# आईपीएस आदित्य मिश्रा ने रुपईडीहा इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**भारत–नेपाल अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक**

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन आईपीएस आदित्य मिश्रा ने रुपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीमा पर व्यापार, सुरक्षा, और इमिग्रेशन प्रक्रियाओं की स्थिति की गहन समीक्षा की और आवश्यक सुधार की दिशा में दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही उन्होंने भारत और नेपाल के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की। इस बैठक में नेपाल के एपीएफ एसपी विमल डांगी, एपीएफ डिप्टी एसपी जनक बसंत, नेपाल के चीफ कस्टम ध्रुव राज विश्वकर्मा, नेपाल इमिग्रेशन अधिकारी दुर्गा कुमारी ओली, नेपालगंज आईसीपी के टर्मिनल हेड तारक राज जोशी और भारत की ओर से लखनऊ कस्टम के असिस्टेंट कमिश्नर नंदेश्वर सिंह, रुपईडीहा कस्टम के सुपरिटेंडेंट पंकजमणि त्रिपाठी और दिनेश धमीजा, इमिग्रेशन इंस्पेक्टर बहाम गोंड, एसएसबी 42वीं बटालियन के कमांडेंट जी. एस. उदावत, और एसएसबी 70वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट शैलेश कुमार शामिल हुए। बैठक में दोनों देशों के आयात-निर्यात से संबंधित समस्याओं की समीक्षा की गई और व्यापार प्रक्रियाओं को सहज और पारदर्शी बनाने के लिए सुधारात्मक कदम उठाने की दिशा में विचार-विमर्श हुआ।

# बंगलादेश में अल्पसंख्यकों पर जुल्म व मंदिरों में तोड़फोड़ इस्लामी शिक्षा के खिलाफः एमएसओ

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली



कैसरगंज, बहराइच। एमएसओ बहराइच यूनिट के लोगों ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित को सौंपा ज्ञापन। मुस्लिम स्टूडेंट्स ने कहा कि बंगलादेश में शेख हसीना की हुकूमत का तख्तापलट किया जाना राजनीतिक इच्छाओं का प्रदर्शन है और कट्टरपंथी विचारधारा वालों को सत्ता हासिल करने का माध्यम है। जो निहायती अफसोसनाक बात है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि बंगलादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के घरों में आग लगा दी गई और कई लोगों को मारा गया, साथ ही मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई। अब अल्पसंख्यको के हालात ये हैं कि वो अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। एमओएस ने अल्पसंख्यको की स्थिति देखते हुए बंगलादेश के आंदोलन कारियो की निंदा की और उनको नसीहत दी कि इस्लाम और पैगम्बरे इस्लाम की शिक्षा ये नहीं है कि इस्लाम के मानने वाले गैर मुस्लिमो पर जुल्म जियादती करें और मंदिरों को निशाना बनाएं। इस्लाम सभी को सम्मान देने की बात करता है, इस्लाम मानवतावादी धर्म है। एमओएस ने कहा कि बंगलादेश में हो रहे हिंदुओं पर हमले की वजह से भारत के मुसलमानो को शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। इस मौके पर मौलाना खालिद साहब मदरसा नूरिया के उस्ताद व कैसरगंज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत सांसद ने किया पौधारोपण

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच ।तिरंगा यात्रा के दौरान अब्दुल्लागंज रेंज में सांसद बहराइच डा० आनंद गौड़ और विधायक नानपारा राम निवास वर्मा व ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह द्वारा ₹एक पेड़ मां के नाम₹ कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बहराइच सांसद आनंद गौड़ ने पर्यावरण में पेड़ो की महत्ता पर विस्तार से लोगो को बताया। उन्होंने कहा की आज के युग में जब वातावरण इतना असंतुलित है संपूर्ण भारत वासियों को एक एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। जिससे वातावरण में संतुलन बना रहे। ये सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नही है ये हम सब नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी अब्दुल्लागंज पंकज साहू, वन दरोगा सुरेश पासवान, वन रक्षक मनोज सिंह, मनोज तिवारी, सुरेश वर्मा, देव वर्मा और डाकिया राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# तिरंगा यात्रा के दौरान सांसद का हुआ जोरदार स्वागत



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। नानपारा विधानसभा में बहराइच सांसद डॉ आनंद कुमार गोंड की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा नानपारा के विभिन्न क्षेत्रों से निकली जिसमें नानपारा रुपैडिहा बाबागंज चरदा जमोग आदि शामिल रहा। यात्रा के दौरान सांसद डॉ आंनद कुमार गोंड का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत हुआ। सासंद ने तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों से उनका कुशल क्षेम जाना तथा हर घर तिरंगा लगाकर देश भक्ति का माहौल बनाने की बात कही। इस दौरान काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चहलवा में कलश यात्रा निकाल कर शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। तहसील मिहींपुरवा थाना सुजौली के अंतर्गत ग्राम पंचायत चहलवा के मजरा सिशनपुरवा में जन सहयोग से आयोजित कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में शामिल शिव भक्तों ने कैलाशपुरी से जल भरकर त्यागी बाबा मंदिर व सिशन पुरवा मंदिर में जलाभिषेक किया।

कार्यक्रम में अगुवाई कर रहे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद ने बताया कि कार्यक्रम शिव शंकर मंदिर कमेटी और जन सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें प्रेम सिंह रमन सिंह लवकुश निषाद सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग मिला है। सुरक्षा की दृष्टि से थाना सुजौली की पुलिस मौजूद रही ।इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।

# बंग्लादेश में हिंदुओ पर हो रहे हिंसा के विरुद्ध निकली जनाक्रोश रैली




अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। बंग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओ पर हो रहे हमलों के विरोध में भारत नेपाल सीमा के रुपईडीहा नगर में हिंदू संगठनों ने जनाक्रोश रैली निकालकर विरोध जताया। नगर के रामजानकी मंदिर से रैली निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए सेंट्रल बैंक पर जाकर सम्पन्न हुई। सेंट्रल बैंक चौराहे पर रैली को सम्बोधित करते हुए डॉ सनत कुमार शर्मा, महंत भगवानदास, विवेक शुक्ला आदि ने बंगलादेश में हिदुओ पर हो रहे अत्याचार को अविलंब रोकने की मांग को लेकर एक ज्ञापन रुपईडीहा पुलिस को सौंपा। इस रैली में रामजानकी मंदिर के महंत भगवानदास, विवेक शुक्ला, नरेंद्र मदेशिया, रिंकू अवस्थी, बलराम मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, राम नरेश बरनवाल, योगेंद्र शर्मा, शैलेश जायसवाल आदि शामिल रहे।

# डीएम ने की राजस्व वाद और वसूली की समीक्षा

**कहा– 10 से 12 बजे तक तहसील में बैठे, जनता की समस्याओं को सुनकर करें निस्तारण**

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर में डीएम डा. राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व वाद और वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम उमाशंकर भी उपस्थित रहे। डीएम ने तहसील डुमरियागंज में खीरा मंडी के पास हाल ही में हुई सड़क दुर्घटना में महिला और बच्ची की मृत्यु पर चिंता जताई। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे अवैध रूप से रखे गए गिट्टी, मोरंग और बालू के सामान को जब्त कर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, डीएम ने मॉडल शॉप के आस-पास अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों और प्राइवेट बस अड्डा के लिए जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील कार्यालयों में जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए 10 से 12 बजे तक जनता दरबार लगाने का भी आदेश दिया। डीएम ने राजस्व वादों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक 10 दिन में 50 वादों की सुनवाई सुनिश्चित की जाए और एक दिन में कम से कम 5 वादों का निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही, सभी उपजिलाधिकारी न्यायिक व तहसीलदारों को लम्बित वादों के निस्तारण के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर शिकायतों का समाधान करने को कहा गया।

### कोई भी प्रकरण 45 दिन से अधिक लम्बित नहीं रहना चाहिए

समीक्षा के दौरान डीएम ने धारा 80 के प्रकरणों की समीक्षा पर भी जोर दिया और कहा कि कोई भी प्रकरण 45 दिन से अधिक लम्बित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने लेखपाल और राजस्व निरीक्षकों की डायरी की भी जांच करने का निर्देश दिया। सभी विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए, डीएम ने लक्ष्य के अनुरूप वसूली में प्रगति लाने और निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

# अयोध्या में निकला हर घर तिरंगा यात्रा

- कृषि मंत्री बोले– स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सही श्रद्धांजलि तभी जब हर घर तिरंगा फहराएगा

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, देश की आजादी की 78वीं वर्षगांठ के मौके पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोगों से हर घर तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह और समर्थकों के साथ पदयात्रा निकाली। तिरंगा पदयात्रा खंडासा मोड़ से गोकुला मोड़ तक निकाली गई। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा- इस साल 15 अगस्त पर हम करोड़ों भारतीय देश की आजादी का 78वां जश्न मनाएंगे। ये हमारे लिए गौरव का पल होगा। तिरंगा पदयात्रा की शुरूआत शनिवार को शुरू कर दी गई है। हर गांव और हर घर तक यह तिरंगा यात्रा पहुंचेगी और लोगों से अपील करेगी की अपने-अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज अवश्य लगाएं। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा- लोग हर घर तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

# बांदा में दबंगों ने किया युवक का मर्डर

**खेत से लौट रहा था घर, बहस होने पर जेब से तमंचा निकालकर गोली मार दी**

अमन लेखनी समाचार




बांदा, बांदा में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। यहां दबंगों ने आपस में बातचीत कर रहे युवक के सीने में तमंचे से गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। घटना थाना बिसंडा क्षेत्र के अधरौरी की है। यहां प्रमोद कुशवाहा नाम का खेत से लौट रहा था। गांव की एक दुकान पर पहुंचा था तभी मजदूरों से धान की बेड़ लगवाने के लिए बातचीत कर रहा था। इसी दौरान गांव का दबंग अतुल, शिवलाल और ओमकार पहुंचे और उन्होंने प्रमोद से धीरे-धीरे बात करने को कहा। जिस पर प्रमोद से बहस हो गई और अतुल ने जेब से तमंचा निकालकर प्रमोद के ऊपर फायर कर दिया। गोली उसके सीने पर लगी और प्रमोद वहीं गिर गया। घटना को अंजाम देकर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने प्रमोद को सीएचसी अतर्रा ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

# अमरोहा के गागन नदी में डूबा युवक

- दोस्तों संग गया था नहाने, एसडीआरएफ ने रातभर मशक्कत कर शव को किया बरामद

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा के देहात थाना इलाके के गांव नन्हेड़ा के पास गागन नदी में दोस्तों संग नहाने गया एक युवक गहरे पानी में डूब गया। जिसके बाद साथी युवक भाग कर गांव पहुंचे और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद गांव के गोताखोर मौके पर पहुंचे, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लगा। थक हारकर गाजियाबाद से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और तहसीलदार भी मौके पर आ गए। रात भर टीम ने नदी में युवक की तलाश को लेकर अभियान चलाया। लेकिन सुबह युवक की डेड बॉडी मिली। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम को भेज दिया है। दरअसल यह घटना अमरोहा देहात थाना इलाके के गांव नन्हेड़ा की है। गांव के पास ही गागन नदी गुजर रही है। लिहाजा शाम गांव निवासी विजेंद्र (29) पुत्र सुखवीर सिंह अपने गांव निवासी दोस्त कुलदीप, अमन और भोला शर्मा के साथ नदी में नहाने गया था। लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण वह आगे चला गया और देखते ही देखते पानी में डूब गया। विजेंद्र को पानी में डूबने के बाद साथ आए युवक गांव की ओर भागे और घटना की जानकारी गांव वालों को दी। जिसके बाद ग्रामीण और गोताखोर मौके पर पहुंचे, जहां युवक की गोताखोरों ने तलाश शुरू की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद गाजियाबाद से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। जहां एसडीआरएफ की टीम ने रातभर नदी में डूबे युवक की तलाश की, लेकिन आज सुबह करीब पांच बजे युवक की नदी से डेड बॉडी बरामद हुई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही युवक के परिजनों में कोहराम मच गया। क्योंकि युवक परिवार में इकलौता था। उसके बड़े भाई की 10 साल पहले एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

# संक्षेप

## सिद्ध पीठ तामेश्वर मंदिर मे चौथे सोमवार को श्रद्धालुओं की रही अपार भीड़

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद में श्रावण मास के चौथे सोमवार को सिद्ध पीठ तामेश्वर मंदिर में सोमवार को श्रद्धालुओं की अपार भीड़ दिखाई दी। जिसमें मंदिर परिसर में महिलाओं एवं पुरुष को पंक्ति बार खड़ा कर के अंदर प्रवेश दिया जा रहा था, जिसमें भगवान भोले के दर्शन श्रद्धालुओं को आसानी से हो सके। वही सदर कोतवाली अपनी टीम के साथ निगरानी करती नजर आई। वही स्कूल के एनसीसी के बच्चों द्वारा भी लाइन में खड़े लोगों को पांच महिला व पांच पुरुष के दर्शन करने को भेजा जा रहा था।जिससे कि ज्यादा भीड़ ना हो और आसानी से भगवान भोलेनाथ के दर्शन हो सके। वही भिटौरा ब्लाक प्रमुख अमित तिवारी ने भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया। सिद्ध पीठ तामेश्वर मंदिर के मुख्य द्वार पर में डॉ विजय सचान ऑर्थो सर्जन ने पहली बार सावन के सोमवार पर विशाल भंडारे का आयोजन किया।जिसमें आए हुए भक्तों ने पूरी सब्जी और हलवा का प्रसाद ग्रहण किया और भोलेनाथ की जय कारा लगे। वही पत्थर कटा चौराहा स्थित गुलाब पत्थर की ओर से सावन के सोमवार पर पूरी सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर कमलेश कुमार, राममिलन, रामभवन, रामकरण, अरुण कुमार, नीरज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीपीबीएस महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

अनूपशहर, अलीगढ़ रोड स्थित डीपीबीएस महाविद्यालय मे प्राचार्य प्रोफेसर जीके सिंह के निर्देशन में काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जीके सिंह ने काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमर शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमें अपने अमर वीर जवानों को याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत के स्वाधीनता संग्राम के इतिहास के एक अहम् अध्याय काकोरी कांड का नाम बदलकर काकोरी ट्रेन एक्शन कर दिया है।

## सोनभद्र में व्यवसायी पति-पत्नी की हत्या

सोनभद्र, सोनभद्र में व्यापारी पति-पत्नी का खून से लथपथ शव उनके घर में मिला है। गोली मारकर हत्या की आशंका है। व्यापारी धर्मेंद्र (46) डीएस बिल्डिंग मटेरियल एवं सप्लायर के नाम से दुकान चलाते थे, जो उनके घर के नीचे ही है। शनिवार सुबह करीब 11 बजे जब धर्मेंद्र के साले सुनील कमरे पर पहुंचे तब घटना की जानकारी हुई। रावटसगंज कोतवाली क्षेत्र में स्थित राज पैलेस सिनेमाहाल के पास स्थित डिहरी में व्यापारी के कमरे में पूरा सामान बिखरा पड़ा था। कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर गायब था। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। सीओ डॉ. चारु द्विवेदी ने घटनास्थल पर पहुंचकर पड़ताल किया।

# हर घर तिरंगा फहराने में जन-जन की हो भागेदारी: जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह

- अमर बलिदानियों के गौरव गाथा का प्रतीक है तिरंगा: युधिष्ठिर सिंह
- हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजयुमो ने निकाली तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां मुरारी इंटर कालेज से तिरंगा यात्रा निकाली गई।हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजयुमो जिला इकाई के नेतृत्व में यात्रा सहजनवा बाजार होते हुए डोहरिया कला वीर बलिदानी स्मारक पर समापन हुआ। तिरंगा यात्रा की अगुआई कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह और सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि देश में भारतीय जन संघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र राजनीति संगठन है जो राष्ट्रवादी सोच के आधार पर कार्य करती है।इस नाते संगठन के कार्यकर्ता भी राष्ट्र प्रथम का ध्येय लेकर कार्य करते हैं। भाजपा संगठन और कार्यकताओं की राष्टवादी सोच के क्रम में ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर में तिरंगा फहराने का संकल्प लिया है, जिस क्रम में भाजयुमो द्वारा सभी विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा निकालकर जनजागरण कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने कहा कि भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान जन जन को राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत करने वाला कार्यक्रम है। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता घर घर जाकर स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि तिरंगा अमर बलिदानियों के गौरव गाथा का प्रतीक है, भाजयुमो कार्यकर्ता हर घर तिरंगा फहराने में जन-जन की भागेदारी को सुनिश्चित करायेंगे। यात्रा समापन के दौरान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह और विधायक प्रदीप शुक्ला के साथ उपस्थित कार्यकताओं ने स्मारक की साफ-सफाई की और अमर बलिदानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में तिरंगा यात्रा प्रभारी व भाजपा जिला महामन्त्री डॉ आरडी सिंह व छोटेलाल मौर्य, कार्यक्रम संयोजक व भाजयुमो जिला मन्त्री राघवेंद्र प्रताप सिंह पिपरौली ब्लाक प्रमुख दिलीप यादव, पाली ब्लाक प्रमुख शशि प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रभाकर दुबे, सोशल मीडिया जिला संयोजक सूरज निगम, रामपाल सिंह, परमात्मा सिंह, धर्मराज गोंड़, नरेन्द्र शुक्ला, शिवचरण प्रसाद, रामप्रकाश चौरसिया, सुनील निगम, अभिषेक मिश्रा सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईजीएल परिसर में नेत्र चिकित्सा एवं रक्त परिक्षण शिविर का आयोजन


अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एसके शुक्ल के नेतृत्व में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन संगम सुपर स्पेसिअलिटी आई हॉस्पिटल एवं रक्त परिक्षण रेड क्लिफ लैब्स गोरखपुर के सहयोग से हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक महाप्रबन्धक मानव संसाधन एवं प्रशाशन दशरथ मिश्र रहे और विशिस्ट अतिथि डॉ वाई सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक प्रबन्धक अखिलेश कुमार शुक्ल ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ कमलेश कुमार सिंह ने किया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 165 लोगो के आँखों का और रक्त परीक्षण हुआ और जांच के अनुसार निशुल्क दवा वितरित किये गए। नेत्र शिविर का संचालन डॉ. कमलेश सिंह ने किया। नेत्र शिविर में आने वाले रोगियों के लिए समुचित व्यवस्था सहायक जूनियर ऑफिसर शब्बीर अहमद ने किया। दशरथ मिश्रा ने बताया की बिजनेस हेड के नेतृत्व में प्रत्येक माह चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया जाता है और शिविर का अधिकतम लाभ श्रमिकों को मिले इसके लिए पूरी आईजीएल परिवार समर्पित रहता है। अखिलेश कुमार शुक्ल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। उक्त कार्यक्रम में रणधीर सिंह एवं संगम सुपर स्पेसिअलिटी आई हॉस्पिटल एवं रेड क्लिफ लैब्स गोरखपुर की टीम उपस्थित रहें।

# नवविवाहिता की मौत, सुसाइड नोट पर संशय

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। पीपीगंज नगर पंचायत वार्ड नंबर 19 में 28 वर्षीय नंदिनी अग्रहरि की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता रामचंद्र अग्रहरि ने अपनी पुत्री की हत्या का आरोप दामाद राजन अग्रहरि पिता अशोक अग्रहरि व माता उषा अग्रहरि पर लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेज दिया।अधिकारियों के द्वारा मौके पर मिले सुसाइड नोट व अन्य पहलुओं पर जांच की गई। मृतका के पिता ने बताया सुसाइड नोट हमारी पुत्री की लिखी नहीं है।उप जिला अधिकारी कैंपियरगंज व क्षेत्राधिकारी कैंम्पियरगंज ने बताया कि मौके पर फोरेंसिक टीम के द्वारा जांच कराई गयी है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या आत्महत्या का कारण स्पष्ट हो पाएगा। भारतीय न्याय संहिता 80 व 85 दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 में धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मृतका की शादी पिछले साल जनवरी में हुई थी और वह 8 महीने के बच्ची की मां थी। पिता का आरोप है कि उनकी पुत्री को आए दिन दहेज के लिए मारा पीटा जाता था। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है।

# जिलाध्यक्ष व विधायक ने अंबेडकर प्रतिमा का किया सफाई

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र के जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने साफ सफाई किया।तो वही गोविंदपुर में विधायक प्रदीप शुक्ला ने भी अंबेडकर प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया किए।जिस अवसर पर ई रमेंद्र मिश्रा मनोज सिंह, शिवचरन प्रसाद,राघवेंद्र प्रताप,विजय कुमार मिश्र, सूरज निगम,ध्रुव गौड़,प्रहलाद साहनी,राकेश रमण श्रीवास्तव राजेश तिवारी सहित आदि लोग रहे।

# नशा मुक्त भारत बनाने का बच्चों ने लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार




सहजनवां गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पट्टी धर्मदास में सोमवार को बच्चों ने नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीराम यादव ने कहा कि- नशे की लत हमारे देश के युवाओं खोखला बना रहा है। जो एक गलत दिशा की ओर कम है। किसी देश की ताकत उसे देश के युवाओं से मापी जाती है। इस लिए हमें मिल कर सही दिशा की ओर मोड़ना होगा। एक नशा मुक्त भारत बनाना होगा। सबके सहयोग से अपने अभिनय में अवश्य सफल होंगे। उक्त अवसर पर प्रधान महेन्द्र यादव,नितेश शुक्ला,रत्नेश शुक्ला,रोहित सिंह,अमरेश निषाद,ड़ा० राजा रजवंत ,नरेद्र यादव,सत्यम गौड आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर महिला ग्राम प्रधानों को प्रधानमंत्री का निमंत्रण पत्र

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकास खंड पाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवास की महिला ग्राम प्रधान नीशु त्रिपाठी को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा लालकिले पर उपस्थित होने के लिए निमंत्रण पत्र दिया गया है। इसे लेकर क्षेत्र की जनता व खासकर महिलाओं में काफी उत्साह है। प्रधानों द्वारा ग्राम पंचायत में विकास एवं सामाजिक कार्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। क्षेत्र की महिलाओं का कहना है कि- प्रधानमंत्री द्वारा राजनीति में महिलाओं के भागीदारी का समर्थन किया है। इससे देश की आधी आबादी का मनोबल निश्चित रूप से बढ़ा हैं।सरकार का यह प्रशंसनीय कार्य है। नगर पंचायत घघसरा के चेयरमैन प्रभाकर दुबे, प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश त्रिपाठी, बीडीओ बृजेश यादव, ग्राम विकास अधिकारी राघवेंद्र सिंह समेत अन्य गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

# तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत जिलाधिकारी ने की छापेमारी

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद में जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत जिला अस्पताल, नगर पालिका परिषद, वर्मा तिराहा में सड़क किनारे पान मसाला, गुटखा की दुकानों पर औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पान मसाला, गुटखा की दुकान में इलेक्ट्रानिक सिगरेट, जिन तम्बाकू उत्पादों में डिब्बे के दोनो तरफ तंबाकू चेतावनी की साइनेज नही पाई गई , कि सामग्री को जब्त करवाते हुए तंबाकू नियंत्रण सेक्शन 5 के तहत रु0 200 का जुमार्ना किया, तथा साथ ही दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुनः इस प्रकार की सामग्री की बिक्री करते हुए पाए गए तो नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि खुला सिगरेट न बेचे पैकेट में ही बेंचे, पान मसाला के साथ तंबाकू बेचना पूर्णतया प्रतिबंधित है। जिन तम्बाकू उत्पादों के डिब्बे में एक तरफ ही तंबाकू चेतावनी का साईनेज हो, के उत्पाद को रोकने के लिए शासन स्तर पर पत्राचार करने के निर्देश संबंधितो को दिए। उन्होंने अधिकारियो एवं पुलिस बल को निर्देशित किया कि निरन्तर प्रवर्तन की कार्यवाही करते रहे, ताकि तंबाकू की अवैध रूप से बिक्री न होने पाए। तंबाकू बिक्री सार्वजनिक स्थलों पर पूर्णतया प्रतिबंधित है। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# शादी न करने पर युवती की हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार



सैफई (इटावा)।सैफई थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सुभान में युवती की शादी दूसरी जगह तय होने पर युवक द्वारा युवती की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप युवती के परिजनों ने लगाया हैं। इस मामले में पीड़ित परिवार ने आज एसएसपी से मिलकर कार्यवाही की गुहार लगाई थी जिस पर एसएसपी ने मुकदमा दर्ज करने का थानाध्यक्ष सैफई को आदेश दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार राजपाल सिंह पुत्र नवाव सिंह निवासी ग्राम नगला सुभान ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरी पुत्री मनोरमा उर्फ छोटू की उम्र 22 वर्ष है, मेरे गांव का लड़का प्रद्युम्न उर्फ लालू उर्फ निखिल मेरी पुत्री मनोरमा के साथ जबरदस्ती शादी करना चाहता था। गांव पड़ोस के नाते वह मेरे घर कभी-कभी आ जाता था, जब मुझे जबरदस्ती शादी के सम्बन्ध में जानकारी हुयी, तो मैंने प्रद्युम्न को अपने घर आने से मना कर दिया, जिससे वह मुझसे रंजिश मानने लगा, तथा धमकी देने लगा, कि मेरी शादी मनोरमा उर्फ छोटू से नहीं हुयी, और उसकी शादी कहीं और की, तो पूरे परिवार को जान से मार देगें तथा मनोरमा को जिन्दा नहीं छोडेगें। मैंने अपनी पुत्री मनोरमा की शादी जून में दूसरी जगह तय कर दी थी, तब से प्रद्युम्न मुझे व मेरे परिवार वालों को लगातार धमकियां दे रहा था। दिनांक 2 अगस्त को रात्रि के लगभग ढाई बजे प्रद्युम्न उर्फ लालू उर्फ निखिल मकान के पीछे से छत पर चढ़कर मेरे घर में घुस आया, और मेरी पुत्री की हत्या कर दी और आत्महत्या दर्शाने के लिये फाँसी का रूप दे दिया। जब में सुबह जागा, तो अपनी पुत्री को फांसी पर लटका पाया और अपनी पुत्री को मृत अवस्था में देखने पर बेसुध हो गया, घटना की सूचना जब पुलिस को दी गयी, तो थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम की कार्यवाही कहकर प्रार्थना पत्र पर मेरे हस्ताक्षर करा लिये थे, परन्तु प्रार्थना पत्र में पूरी घटना नहीं लिखी थी। जब में कुछ ठीक हुआ, तो मेरी पत्नी ने बताया कि सुबह के लगभग 3 बजे जब वह जागी, तब प्रद्युम्न को घर से भागते हुये छत की तरफ देखा था, जिस जानकारी होते ही मुझे पूर्ण विश्वास हो गया कि, उपरोक्त प्रद्युम्न द्वारा ही मेरी पुत्री की हत्या कर उसे आत्महत्या का स्वरूप देने के लिये मेरी पुत्री के मृत शव को फांसी पर लटका दिया है।

पीड़ित परिजनों ने सोमवार को एसएसपी इटावा से मिलकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी जिस पर एसएसपी इटावा ने प्रभारी निरीक्षक थाना सैफई को तत्काल मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

# ग्राम पंचायत के मिनी सचिवालय में हुई बैठक

## ग्राम प्रधान के तत्वावधान में दो सैकडा से अधिक तिरंगा किए गए वितरित

अमन लेखनी समाचार

अमौली। फतेहपुर देश की स्वतंत्रता को लेकर पुण्यतिथि में प्रतिवर्ष एक अद्भुत हर्षोल्लास विगत समय से मनाया जा रहा है जिसके सापेक्ष इस बार भी जनपद की जिला अधिकारी सी इंदुमती के निर्देशन पर संपूर्ण जनपद के सभी विकास खण्डों में तिरंगा यात्रा निकाल कर आम जनमानस अपनी स्वतंत्रता का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरनई की ग्राम प्रधान सिया देवी की अगुवाई में ग्राम पंचायत में निर्मित अद्भुत मिनी सचिवालय में बैठक संपन्न कराई गई बैठक के अंतर्गत ग्राम प्रधान के साथ ग्राम पंचायत के सभी सदस्य तथा सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे वहीं पूर्व प्रधान समाज सेवी श्रीकांत उत्तम ने गांव के सभी पंचायतसदस्यों को ग्राम प्रधान के द्वारा दिए गए झंडा वितरित किए यह तिरंगे झंडे सभी ग्राम पंचायत के सदस्य अपने-अपने वार्ड में जाकर सभी ग्रामीणों को प्रदान करेंगे वही प्रधानपति श्रीकांत उत्तम ने बताया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न कराई गई जिसकी तैयारियां चरम सीमा पर पहुंच चुकी हैं इस बार स्वतंत्रता दिवस का एक मनोरम हृश्य ग्राम पंचायत में देखने को मिलेगा जहां संपूर्ण ग्रामवासी सफेद हरा तथा केसरिया रंग के बीच अपने को प्रसन्नचित महसूस करेंगे वही समस्त ग्राम पंचायत में तिरंगा रैली निकाली जाएगी इस बैठक के दौरान ग्राम प्रधान पति समाज सेवी श्रीकांत उत्तम ग्राम सचिव राजेश कुमार रामकुमार दुबे धर्मेंद्र रूपावती समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहें

# लेखपाल संघ का चुनाव परिणाम घोषित

## अध्यक्ष दिनेश सिंह व वरिष्ठ उपाध्यक्ष लेखपाल कुलदीप सिंह विजयी हुए घोषित

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में लेखपाल संघ के परिणाम घोषित होने से विजई प्रत्याशियों में खुशी का माहौल बना रहा विजय प्रत्याशियों ने एक दूसरे को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया आपको बता दे उत्तर प्रदेश सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग राजस्व विभाग है . लेखपाल का पद राजस्व विभाग का सबसे महत्वपूर्ण पद है . ग्राम स्तर पर जमीन का लेखा जोखा रखना एव भूमि से सम्बन्धित कार्यो को देखना लेखपाल का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है . सरकार की नीतियों का ग्राम स्तर पर वास्तविक क्रियान्वयन लेखपाल के द्वारा ही होता है . ग्राम स्तर में कानून व्यवस्था को बनाये रखने में स्थानीय प्रशासन का पूरा सहयोग लेखपाल द्वारा ही किया जाता है . इसी के आधार पर लेखपाल संघ के माध्यम से अपने वा अपने साथियों के साथ हो रही समस्या का निराकरण कर पाते है वही उपशाखा जनपद फतेहपुर में लेखपाल संघ का परिणाम घोषित हुआ जिसमे अध्यक्ष दिनेश सिंह176 मतों से विजय प्राप्त किया वही जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह 183 मतों से विजई हुए कनिष्ठ उपअध्यक्ष संतोष कुमार 182 मतों से ,जिला मंत्री रावेंद्र कुमार 169 मतों से ,उपमंत्री कमल सिंह 176 मतों से ,कोषाध्यक्ष अनामिका सिंह 172 मतों से, आडिटर कल्पना देवी 218 मतों से विजई हुए इस मौके पर सभी लोगो का माल्यार्पण और मिष्ठान के साथ स्वागत किया गया वही इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा की मैं संघ के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलूंगा और अपने साथियों के साथ होने वाले आन्यायो वा समस्या के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा

# जालौन में प्राथमिक विद्यालय की खस्ता हालत

- नैनपुरा प्राथमिक विद्यालय के चारों तरफ भरा पानी, बच्चों को पढ़ने के लिए पानी में घुसकर जाना पड़ रहा

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन विकासखंड के ग्राम नैनपुरा के प्राथमिक विद्यालय में जल भराव और जर्जर भवन की स्थिति ने बच्चों की पढ़ाई को कठिन बना दिया है। न्याय पंचायत सिहारी दाउदपुर के अंतर्गत आने वाले इस प्राथमिक विद्यालय के चारों ओर पानी भरा हुआ है, जिससे बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए पानी में से होकर गुजरना पड़ता है। विद्यालय भवन की हालत भी काफी खराब है, जिससे बच्चे डर और सहम के साथ पढ़ाई कर रहे हैं। विद्यालय के चारों ओर गंदगी का अंबार है, जिसे ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। वर्तमान में विद्यालय में 55 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

एक शिक्षिका रीनू पाल मातृत्व अवकाश पर हैं, उनकी जगह पर रूपेंद्र सक्सेना को जिम्मेदारी दी गई है। जालौन के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश ने इस समस्या पर ध्यान देते हुए कहा कि वे स्वयं विद्यालय का निरीक्षण करेंगे। जल भराव को हटाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी से बात की जाएगी

# विशाल कावड़ यात्रा धूमधाम के साथ निकली ,जगह- जगह हुआ स्वागत



**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

झांसी। सावन के चौथे सोमवार को भक्त प्रहलाद की नगरी एरच से गुरसरांय तक रामदूत सेवा समिति के तत्वाधान में कावड़ यात्रा में हजारों की संख्या महिला पुरुष और बच्चे ने बेतवा नदी से जल भरकर डीजे के साथ नाचते हुए नजर आए। यात्रा में कांवड़िये बम-बम भोले,जय बम के जयकारे लगाते चले। रास्ते में कई लोगों ने फलाहार व खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया। पुष्प वर्षा से शिव के भक्तों का स्वागत किया गया। अंत में अपने अपने क्षेत्र के शिवालयों के लिए रवाना हुए। कावड़ यात्रा में महिला,पुरुष,बच्चें,बूढ़े द्वारा 25 किलोमीटर तक कंधे पर कावड़ रखकर पैदल चलना एवं एक भक्त टोली द्वारा 55 किलो की कावड़ लेकर चलना आकर्षण का केन्द्र बना। प्रशासन की व्यवस्था में उपजिलाधिकारी गरौठा अवनीश कुमार तिवारी,एरच थानाध्यक्ष नीलेश कुमारी,गुरसरांय थानाध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय,स्वास्थ्य केन्द्र गुरसरांय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अंशुमान तिवारी,बामौर अधीक्षक डॉक्टर ओ पी राठौर खुद कमान संभालने नजर आए।

# महाकालेश्वर खुशीपुरा कावड़ समिति एवं संघर्ष सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन

## कांवड़ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, डॉ. संदीप ने दिखायी हरी झण्डी

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

झाँसी। महाकालेश्वर खुशीपुरा कावड़ समिति एवं संघर्ष सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार पर विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। ओरछा रामराजा सरकार मंदिर समीप स्थित बेतवा नदी से पवित्र जल भरकर सभी कांवड़िया पदयात्रा करते हुए महानगर के ऐबट मार्केट चौराहे पर एकत्रित हुये। जहां डीजे, ढोल पर भक्ति गीतों के साथ कावड़ यात्रा ने भव्य स्वरूप ग्रहण किया सर्वप्रथम आयोजक मंडल द्वारा मुख्य अतिथि डॉक्टर संदीप सरावगी का पगड़ी पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तत्पश्चात डॉक्टर संदीप ने महिलाओं को कलश वितरित कर यात्रा प्रारंभ



करायी। यह यात्रा ऐबट मार्केट से प्रारंभ होकर खुशीपुरा होते हुए विपिन बिहारी इंटर कॉलेज पहुंची आगे के क्रम में यात्रा गोविंद चौराहे होते हुए मढ़िया महादेव मंदिर पर समाप्त हुई। जगह-जगह यात्रा का स्वागत एवं पुष्पवर्षा की गयी, मोहिनी बाबा बीआईसी रोड पर अभिषेक कनौजिया के द्वारा कावड़ यात्रा में उपस्थित श्रद्धालु और अतिथियों का स्वागत किया, जिसमें उपस्थित राहुल रॉय, बृजेंद्र वर्मा, गोलू गुप्ता, सलीम शेख, धीरज कनौजिया सम्मिलित रहे। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कहा सनातन धर्म में त्रिदेवों का स्थान सबसे उच्च है लेकिन उनमें भगवान शिव को सर्वोपरि माना जाता है। भगवान शिव को न्यायाधीश और संहारक भी कहा गया है, जब जब असुरों ने जन्म लिया भगवान शिव ने स्वयं या अवतार लेकर उनका संहार किया है। देवशयनी के बाद एक मास भगवान शिव को समर्पित रहता है इस मास में सृष्टि के कार्यपालन का जिम्मा भोलेनाथ का होता है। भगवान शिव की आराधना करने और उनका आशीर्वाद पाने का यह सर्वोत्तम समय है, यदि आप पूर्ण समर्पण भाव से शिव आराधना करेंगे तो अवश्य आपकी मनोकामनायें पूर्ण होंगी। इस अवसर पर धर्मेंद्र शाक्या, मनोज, रवि, गोलू, आकाश जॉन्टी, पप्पू, मोंटू, राजेश, सोनू, यश, विकाश, घुड्डू, आकाश वर्मा, अशीष वर्मा, विपुल कांत, मृदुल, अंशुल वर्मा, सुमित, सावन, लव, सत्यम तिवारी, उदय, रवि, अभिषेक कुशवाहा, प्रिंस, रवि बैग वाला, विशाल, शिवम, गौरव, निखिल, सागर, शनि, एवं संघर्ष सेवा समिति से बसन्त गुप्ता, सुशांत गुप्ता, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह ,भूपेन्द्र यादव, अरुण पांचाल, आशिष विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राजापुर में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा के खिलाफ किया जागरूक



## नशा मुक्त भारत अभियान₹ के तहत विद्यालय के बच्चों शिक्षकों एवं गांव वासियों ने ली शपथ

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

गरौठा,झांसी। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर ब्लॉक गुरसरांय के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति की शपथ ली बच्चों के साथ समस्त शिक्षकों और ग्रामवासियों ने शपथ ली। उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर कम्पोजिट में कार्यरत नवाचारी शिक्षक मोहनलाल सुमन ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालय के बच्चों का नुक्कड़ नाटक तैयार किया एवं गांव के बीच में गांव के लोगों बच्चों की उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक किया जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। नुक्कड़ नाटक में माध्यम से बच्चों ने नशा न करने का संदेश दिया नाटक में विद्यालय की छात्रा प्रतिज्ञा एवं नीतेश के द्वारा गीत ₹जीना है तो पापा शराब नहीं पीना ₹ पर किए गए अभिनय की सभी ने खूब प्रसंशा की नुक्कड़ नाटक के अंत में शिक्षक मोहनलाल सुमन ने सभी बच्चों के साथ ग्रामवासियों को नशा न करने की शपथ दिलाई ।

# हाईटेंशन लाइन के झूलते वायर से टकराकर दो नील गायों की हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के टेढ़ा विद्युत सब स्टेशन से निकली हाई टेंशन लाइन का जीआई वायर नीचे लटकने से आए दिन नील गायों की मौत हो रही है। टेढ़ा के किसानों ने मृत नीलगायों का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करके आरोप लगाया है कि विभाग शिकायत के बाद कार्यवाही नहीं कर रहा है। टेढ़ा के किसानों ने एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया है। जिसमें हाईटेंशन लाइन के तार जमीन छू रहे हैं। इन तारों के नीचे दो नील गाय मृत पड़ी है। किसानों का आरोप है कि सब स्टेशन में शिकायत के बाद लाइन को दुरुस्त नहीं किया गया है। किसानों का कहना है कि यह घटना पावर हाउस से नलकूपों के लिए गई लाइन से हुई है। जिसमें आए दिन हादसे हो रहे हैं। किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। पावर हाउस के अवर अभियंता सुनील दत्त मौर्य ने बताया कि उनके पास शिकायत नहीं आई है। मामला संज्ञान में आया है। वह लाइनमैन को भेजकर समस्या का समाधान कराएंगे।

# दूध दही पंचामृत से भगवान शिव का अभिषेक

## सावन के चतुर्थ सोमवार को गूढेश्वर धाम बाबा बैजनाथ धाम समेत शिवालयों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**अमन लेखनी समाचार**

अमौली, फतेहपुर। भगवान भोलेनाथ के पवित्र श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार को चांदपुर में अखंड सिद्ध पीठ श्री गूढेश्वर धाम में हजारों की संख्या में महिलाओं एवं भक्तों ने हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए पूजा अर्चना की प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने गूढेश्वर अखंड में विराजमान भगवान श्री भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया सत्संग स्थल में संत जनों समेत श्रद्धालुओं से मुलाकात कर भोलेनाथ की महिमा का गुणगान किया कस्बा मुख्यालय स्थित बाबा बैजनाथ धाम में अनिल ओमर माया ओमर तथा सुंदर काण्ड समिति के पदाधिकारियों के द्वारा महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया आचार्य कालीचरण द्विवेदी आशुतोष द्विवेदी एवं अन्य आचार्यों ने विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण कर प्रमुख यजमान माया ओमर अनिल ओमर समेत मंदिर समिति के सभी पदाधिकारियों तथा उपस्थित महिलाओं एवं भक्तों से अनुष्ठान संपन्न कराया भक्तों ने जयघोष करते हुए भूत-भावन भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया महाआरती के पश्चात प्रमुख यजमान एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया संगीतमई भजनों एवं जयकारों से मंदिर प्रांगण गुंजायमान रहा मल्लिकार्जुन धाम दफसौरा गांव में फलतेशवर अरगलेश्वर धाम समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित भगवान भोलेनाथ के विभिन्न दरबारों में महिलाओं एवं श्रद्धालु भक्तों ने जयघोष करते हुए भूत भावन भगवान शंकर की पूजा अर्चना की इस दौरान गूढेश्वर अखंड धाम समेत भगवान भोलेनाथ के विभिन्न दरबारों में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना इंचार्ज राजेंद्र सिंह कस्बा चौकी इंचार्ज संदीप कुमार तिवारी के नेतृत्व में महिला पुलिस कर्मियों समेत पुलिस प्रशासन की मौजूदगी रही

# अटल भूजल योजनातर्गत उत्तर प्रदेश के चयनित जनपदों मे "जल कोष यात्रा"

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**

हमीरपुर ।पद्मश्री जलयोद्धा उमाशंकर पाण्डेय ने विकास खण्ड सरीला के राजकीय इण्टर कालेज में ₹पानी की पाठशाला₹ का आयोजन किया एवं वहां उपस्थित छात्र छात्राओं, अभिभावको तथा शिक्षकों को जल संरक्षण के विषय में जागरूक करते हुए यह अपील की जिस प्रकार आज उनके द्वारा पानी की पाठशाला का आयोजन किया गया है ठीक उसी प्रकार वह सब भी अपने-अपने गांवों/ घरों / सभी जगहों पर इसी तरह पानी की पाठशाला का आयोजन करते रहे।

उन्होने वहां पर उपस्थित ग्राम की महिलाओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ मिलकर कलश यात्रा निकाली एवं उसके माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि लोग जल की महत्वता और उसके संरक्षण को लेकर आगे बढे, साथ ही उन्होने यह बताया कि कुआं पूजन / किसी भी जलाश्रोत के पूजन का उद्देश्य है कि जैसे भारतीय संस्कृति पूजा प्रधान




है जल परमेश्वर है, जल शिव है, जल अमृत है, जल शक्ति है, जल ऊर्जा है क्यों कि जल में आध्यात्मिक शक्तियां होती है। उन्होने सम्बोधित करते हुये कहा किः-

**जो जल को महत्व देगा,**

**सुख समृद्धि उसी के पास आयेगी।**

पद्मश्री पाण्डेय ने कहा कि जल कान्ति जनक्रान्ति बने जल आन्दोलन जन आन्दोलन बने इसी उद्देश्य में जल कोष यात्रा पर निकला हूँ। तालाब पानी का बैंक है, कुएं जल की तिजोरी है, हम उतना जल ही प्रयोग करे, जितनी हमे आवश्यकता हो। हर खेत पर मेड़ बनाये और मेड़ पर पेड़ लगाये। हमीरपुर जिला प्रशासन ने इस दिशा में अच्छा प्रयास किया। राज्य समाज सरकार सबको मिलकर भाग रहे पानी को रोकना होगा, यदि हमे सिद्दी एवं प्रसिद्धी चाहिए तो पानी का आदर देना होगा। इस अवसर पर एस०डी०ओ० वन विभाग आदर्श सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य विभाग रमाकान्त, सरीला ब्लाक के ग्राम पंचायतो (जमौडी डाण्डा, बरहारा, अतरौली) के ग्राम प्रधान एवं ब्लाक कोआर्डिनेटर अटल भूजल योजना उपस्थित रहे।

# लाठी डंडों से पीट कर दबंगों ने की दिनदहाड़े किसान की हत्या

**अमन लेखनी समाचार/ शिवम् सिंह**

कुरारा,हमीरपुर ।थाना क्षेत्र के पतारा गांव में दिन दहाड़े किसान की लाठी डंडे से पीटकर पिता व दो पुत्रों ने मिलकर खेत में बकरियां चले जाने को लेकर किसान की हत्या कर दी। तथा शव को गांव में फेंक कर धमकी देकर मौके से भाग निकले। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के पता रा गांव निवासी शिवदत्त प्रजापति पुत्र स्वर्गीय सीताराम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरा छोटा भाई छोटे लाल 38 वर्ष अपनी बकरिया लेकर सुबह खेत की तरफ चराने गया था। गांव निवासी अतर सिंह के खेत में बकरिया चले जाने पर अतर सिंह व उसके दो पुत्रों अमन सिंह व आकाश सिंह उर्फ अक्कू ने लाठी डंडे से पीटकर बुरी तरह मारपीट रहे थे। उस समय मैं कुछ दूर पर अपनी बकरिया चरा रहा था। शोर सुनकर जब मैं भाई को बचाने के लिए गया। तो आरोपी भाई को ओमनी वैन में डालकर गांव में मेरे घर के पास चौराहे पर उतारकर दोबारा मारपीट कर मौके से भाग गए। जब मेरे भाई की पत्नी राधा व पुत्री संध्या मौके पर पहुंची तो उनको गाली गलौज किया तथा जान से मारने की धमकी देकर मेरे भाई को मृत अवस्था में छोड़ कर भाग गए। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस तीन आरोपी अतर सिंह पुत्र बाबूराम, अमन सिंह पुत्र अतर सिंह, आकाश सिंह उर्फ अक्कू पुत्र अतर सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली। थाना प्रभारी योगेश तिवारी सी ओ सदर सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत एकत्र किए।

# धूमधाम के साथ निकाली गई विशाल कांबड़ यात्रा

## हजारों की संख्या में कांवरियों ने शिव मंदिर पर पहुंचकर किया जलाभिषेक

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

गरौठा,झांसी। श्रावण मास के चौथे सोमवार को गरौठा क्षेत्र के हजारों कांवरियों ने लखेरी नदी उस पार प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंचकर विधि विधान पूजा अर्चना करते हुए भगवान शिव का जलाभिषेक किया ।सोमवार को कस्बा गरौठा से बड़ी संख्या में कांवरियों का जत्था कसवा भक्त प्रह्लाद की नगरी एरच पहुंचा जहां से निकली पवित्र बेतवा नदी से सभी कांवरियों ने जल लेकर पैदल यात्रा शुरू की। एरच से गुरसरांय होते हुए व डीजे की धुन पर थिरकते हुए शिव भक्ति में लीन कांवरियों का जत्था कसवा गरौठा पहुंचा। कांवर यात्रा में शामिल शिव भक्तों समाजसेवियों द्वारा रास्ते में जगह- जगह जलपान एवं फल मिष्ठान वितरण करते हुए स्वागत किया गया ।कांवड़ यात्रा में शामिल महिला, पुरुष,बच्चे, व वृद्ध भक्तजनों ने लगभग 40 किलोमीटर तक कंधे पर कांवड़ रखकर पैदल यात्रा की ।इस दौरान 55 किलो की कांवड़ लेकर चल रहा शिव भक्त विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। हर हर महादेव के जयकारों के साथ कांवरिया लखेरी नदी उस पर प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे जहां नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा द्वारा पुष्प वर्षा कर कांवरियों का स्वागत किया गया। विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कांवरियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया ।इस दौरान कोतवाली पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली ।अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सचल दल गठित कर अभियान चलाया गया

## अभियान निरन्तर जारी रहेगा– डॉ गौरीशंकर सहायक आयुक्त (खाद्य)– द्वितीय

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**

हमीरपुर। सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ गौरी शंकर ने बताया कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ०प्र०, लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निदेशों के अनुपालन में आगामी पर्व स्वतन्त्रता दिवस एवं रक्षाबन्धन के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा 12 अगस्त 2024 को अधोहस्ताक्षरी के निर्देशन एवं नेतृत्व में सचल दल गठित कर अभियान चलाया गया। उक्त कार्यवाही में जनपद हमीरपुर के अन्तर्गत रत्नेश स्वीट (ओम सांई धाम स्वीट), कुरारा से 01 बूंदी का नमूना, लाल जी लस्सी भण्डार, कुरारा से 01 पनीर का नमूना, हरी ट्रेडर्स, सुभाष बजार, हमीरपुर से



01 पनीर का नमूना एवं गोविन्द स्वीट हाउस, कुरारा से 01 बूंदी के लड्डू का नमूना सहित कुल 04 नमूनें संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। गोविन्द स्वीट हाउस, कुरारा में निरीक्षण के दौरान गंदगी पाये जाने पर 01 सप्ताह में सुधार करने हेतु नोटिस दिया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्यवाही के दौरान लाल जी लस्सी भण्डार में फफूंद लगे हुये 10 कि०ग्रा० बूंदी के लड्डू एवं 05 कि०ग्रा० रसगुल्ला को नष्ट कराया गया तथा उक्त खाद्य कारोबारकर्ता को सुधार नोटिस दिया गया। सचल दल में गिरीश वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं राम सूरत यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी सम्मिलित रहे। यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा। समस्त खाद्य कारोबारकताओं से अपील है कि, गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थों का ही विक्रय करें, खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पाये जाने पर विभाग द्वारा कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# सैफई में बरसात से आये दिन रहती है बिजली खराब, उपभोक्ता परेशान

## बारिश में बिजली के तारों से पेड़ो की डालियाँ टकराने से हो जाता है फाल्ट

**अमन लेखनी समाचार/सुघर सिंह सैफई**

सैफई (इटावा) ।सैफई में बरसात होते ही विद्युत व्यवस्था चौपट हो जाती है। बरसात होते ही पेड़ों की डालियाँ बिजली के तारों पर झुक जाती है।इससे पेड़ों में करंट भी उतर आता है और आए दिन फॉल्ट होता रहता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सैफई चौराहा व तहसील थाना व छात्रावास की आये दिन बिजली गुल रहती है सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भले ही तहसील क्षेत्र को साढ़े इक्कीस घंटे बिजली देने का आदेश दिया है लेकिन सैफई क्षेत्र में उपभोक्ताओं को आदेश के अनुरूप बिजली नहीं मिल पा रही है। सैफई विद्युत उपसंस्थान सैफई प्रथम बिजली घर की हालात अत्यंत दयनीय है इटावा से मैनपुरी रोड पर विद्युत के तारों के नीचे लगे पेड़ बड़े होकर विद्युत तारों से छू रहे हैं जैसे ही बारिश होती है तो पेड़ों की डालियाँ बिधुत तारों के ऊपर झुक जाती हैं जिससे फाल्ट होने के साथ बिजली चली जाती है इससे लाईनमैनों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है दिन हो या रात लाइनमैन टॉर्च लेकर रात को पेड़ों की टहनियों हटाने को मजबूर हो रहे हैं ।यह दिक्कत कोई नयी नहीं है कई बार स्थानीय नागरिक




बिजली विभाग के अधिकारियों को उक्त समस्या से अवगत करा चुके है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है इस मामले में जिला वन अधिकारी से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारी पेड़ छांटने की परमिशन ले तो उन्हें परमीशन दे दी जाएगी जिससे समस्या का निदान हो जाएगा।इस मामले में जब अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि डीएफओ इटावा को पेड़ों की छंटाई के लिए परमिशन देने के लिए पत्र लिखा जाएगा और शीघ्र ही पेड़ों की छंटाई कराई जाएगी ताकि उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली मिल सके।

# कलकत्ता में महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के डॉक्टरो ने की हड़ताल

**अमन लेखनी समाचार/सुघर सिंह सैफई**

सैफई (इटावा) ।कलकत्ता में महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के रेजिडेंट डॉक्टरों ने एक दिनी हड़ताल करके विरोध प्रदर्शन किया है, इस इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी तादात में डॉक्टरों ने हिस्सा लिया है। डॉक्टरों की हड़ताल से सैफई विश्वविद्यालय की मेडिकल सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित रही है, जिससे मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के सभी डॉक्टर्स ने प्रदर्शन करते हुए कोलकाता में हुए महिला डॉक्टर के साथ बर्बरता के साथ हत्या के विरोध में सोमवार को एक दिन की हड़ताल की है। उन्होंने ज्ञापन देते हुए उसमें लिखा है कि हम



सभी लोग 12 अगस्त के दिन जो भी नॉन मेडिकल सर्विसेज को स्थगित रखेंगे, सभी इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगे,मरीजों के मेडिकल सर्विसेज के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.अभिषेक साहू ने बताया कि कोलकाता के अंदर महिला डॉक्टर के साथ जो कुछ हुआ है वह बहुत दुखद है उसकी हम लोग निंदा करते हैं हम चाहते हैं कि सभी को सुरक्षा प्रदान की जाए डॉक्टर की सुरक्षा में बहुत ही कमी है यह बाद गंभीर मामला है इसके लिए पुलिस प्रशासन से सुधार करते हैं कि सभी डॉक्टर को सुरक्षा दी जाए, हॉस्पिटल में ऑनड्यूटी डॉक्टर के साथ ऐसा होता है तो कुछ भी हो सकता है। सैफई विश्वविद्यालय के रेजिडेंट मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले डॉक्टर का यह विरोध प्रदर्शन हुआ है प्रदर्शन के बाद डाक्टरों नें कुलपति प्रोफेसर डॉ प्रभात कुमार को कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या को लेकर ज्ञापन देते हुए सुरक्षा की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रेजिडेंट मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ.आशीष शाहू,जनरल सेक्रेटरी डॉ.प्रीति चौधरी, वाइस प्रेसीडेंट डॉ.अनामिका समेत सैकड़ो मेडिकल डॉक्टर शामिल रहे।

# पोस्टमार्टम के बाद गांव आया बीटीसी छात्रा का शव

## शाम को गांव में हुआ अंतिम संस्कार

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहाल के पास बांदा मार्ग में हादसे में घायल बीटीसी छात्रा की कानपुर में मौत होने के बाद सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव के गांव आते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका पति के साथ बाइक से बीटीसी की परीक्षा देने महोबा जा रही थी।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश कोरी का भतीजा अमितकांत रविवार को पत्नी संगम 28 वर्ष को बाइक से लेकर महोबा बीटीसी की परीक्षा दिलाने जा रहा था। यह परीक्षा सोमवार से बुधवार तक होनी थी। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहाल में बांदा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने पीछे से इनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे पति-पत्नी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पाकर मौके पर आए परिजनों ने दोनों को कस्बे के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। हालत नाजुक होने पर दोनों को कानपुर रेफर किया गया था। कानपुर में रीजेंसी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान संगम ने दम तोड़ दिया। वहीं पति का इलाज अभी भी चल रहा है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव के घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। देर शाम उसका गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। अचानक हुई इस घटना से गांव में मातम छाया रहा।

# भाजपा ने निकाली सुमेरपुर कस्बे से लेकर हमीरपुर मुख्यालय तक बाइक तिरंगा यात्रा



**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**

हमीरपुर। भाजपा ने सोमवार को सुमेरपुर कस्बे के गायत्री तपोभूमि से बाइक तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा का समापन मुख्यालय के चौरा देवी मंदिर प्रांगण में किया गया। सोमवार को भाजपा की ओर से आयोजित बाइक तिरंगा यात्रा का शुभारंभ जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने तपोभूमि प्रांगण से किया। तिरंगा यात्रा सुमेरपुर कस्बे से गुजरकर मुख्यालय के चौरा देवी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता शिवप्रकाश सिंह सेंगर, हमीरपुर नगरपालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद, सुमेरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, महामंत्री रोहित शिवहरे, महेश गुप्ता दीपू, आदित्य अवस्थी, अरविंद श्रीवास्तव, पुष्पराज सोनी, ज्योत्सना सिंह, हिना परवीन, स्वामी प्रताप सिंह, संतराम गुप्ता, मीनू महाराज, मोहित साहू, रामू गुप्ता सहित सैकड़ों भाजपाई शामिल रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# जूनियर एनटीआर ने पहली बार मिलाया प्रशांत नील से हाथ...

**मुंबई।** 'देवरा' की रिलीज से पहले एनटीआर की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। इस फिल्म के लिए जूनियर एनटीआर ने निर्देशक प्रशांत नील के साथ हाथ मिलाया है। यह दोनों के बीच पहला सहयोग है। एनटीआर और प्रशांत की फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। सेट से अभिनेता की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वह निर्देशक और अन्य क्रू सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं। फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। बता दें कि एनटीआर इस फिल्म के सह-निर्माता हैं।

## लाइफ Style

# जेनेलिया

## राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी हैं फुटबॉल


एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता रितेश देशमुख की पत्नी और अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। जेनेलिया ने साल 2003 में आई फिल्म 'तुझे मेरी कसम' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हिंदी के अलावा उन्होंने तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और मराठी फिल्मों में भी काम किया है, लेकिन क्या आप जानते हैं जेनेलिया राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल खेल चुकी हैं? मॉडलिंग और फिल्मों के अलावा जेनेलिया राज्य स्तर पर एथलीट रह चुकी हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल भी खेला है। उनके पसंदीदा फुटबॉलर लियोनल मेसी हैं। जेनेलिया की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह फिल्म 'सितारे जमीन पर' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। 'सितारे जमीन पर' 27 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म में आमिर खान मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान आरएस प्रसन्ना ने संभाली है। आमिर इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर कर रहे हैं। 'मस्ती', 'मेरे बाप पहले आप', 'रेडी', 'जाने तू या जाने ना', 'ट्रायल पीरियड', 'वेद' और 'मिस्टर मम्मी' उनकी बहुचर्चित फिल्मों में से एक है।

सितारे जमीन पर' 27 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म में आमिर खान मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान आरएस प्रसन्ना ने संभाली है। आमिर इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर कर रहे हैं।




## हॉलीवुड मसाला




# अमेरिकी रैपर ट्रैविस गिरफ्तार

**पेरिस।** इन दिनों फ्रांस की राजधानी पेरिस में ओलंपिक गेम्स चल रहे हैं। अपने देश के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए दुनिया भर से लोग और कई बड़े कलाकार पेरिस पहुंच रहे हैं। ओलंपिक गेम्स देखने के लिए फेमस अमेरिकी रैपर ट्रैविस स्कॉट भी पेरिस पहुंचे थे, लेकिन वह वहां पर गिरफ्तार हो गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, रैपर को लेकर बताया जा रहा है कि वो नशे की हालत में थे और वह अपने बॉडीगार्ड से झगड़ा कर रहे थे, जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।



# एडम पर कुत्तों के यौन शोषण का आरोप तय

**लॉस एंजिल्स।** प्रसिद्ध मगरमच्छ विशेषज्ञ एडम ब्रिटन को 10 साल से अधिक की सजा सुनाई गई है। एडम पर दर्जनों कुत्तों के यौन शोषण और हत्या का आरोप है। इस घिनौने कृत्य के लिए ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने उन्हें ये सजा सुनाई है। इतना ही नहीं बीबीसी और नेशनल ज्योग्राफिक प्रोडक्शंस पर काम करने वाले 53 वर्षीय एडम को पाशविकता, पशु क्रूरता और बाल दुर्व्यवहार सामग्री रखने से संबंधित 56 आरोपों में दोषी ठहराया गया है। मामले के विवरण के अनुसार, ब्रिटन ने 2020 और 2022 के बीच 42 कुत्तों का ऑनलाइन अधिग्रहण किया, और उनके मालिकों को अच्छा घर देने का वादा किया। ब्रिटन ने इन जानवरों पर अत्याचार और दुर्व्यवहार किया। ब्रिटन ने अपराध को अपनी संपत्ति पर एक शिपिंग कंटेनर में फिल्माया। यातना से कम से कम 39 कुत्तों की जान चली गई।



# 'सीटीआरएल' अक्टूबर में देगी दस्तक...

**मुंबई।** अनन्या पांडे को आखिरी बार सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव के साथ फिल्म 'खो गए हम कहां' में देखा गया था। यह फिल्म पिछले साल 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब अनन्या ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी रही इस थ्रिलर फिल्म का नाम 'सीटीआरएल' है। अनन्या के साथ इस फिल्म में विहान सामत भी मुख्य भूमिका में होंगे। अनन्या की फिल्म 'सीटीआरएल' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर रिलीज होगी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिल्म का प्रीमियर 4 अक्टूबर से होने वाला है। यह पहला मौका है, जब अनन्या और विहान किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे। अनन्या और विक्रमादित्य भी इस फिल्म के जरिए पहली बार साझ काम कर रहे हैं।



# 'शैतान' के सीक्वल पर काम शुरू...

**मुंबई।** अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 8 माई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने 60 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 211.06 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब दर्शक 'शैतान' के सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। अजय एक बार फिर कबीर बन दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। तैयार है 'शैतान 2' की स्क्रिप्ट बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'शैतान' के सीक्वल पर काम शुरू हो गया है। फिल्म की कहानी लिखी जा चुकी है। इसी के साथ अजय ने सबसे ज्यादा सफल फ्रैंचाइज़ी में काम करने वाले एकमात्र भारतीय अभिनेता होने का दर्जा हासिल कर लिया है।

## टीवी मसाला




# बिग बॉस 18 की प्रीमियर डेट आई सामने..!

**मुंबई।** अनिल कपूर द्वारा होस्ट किए गया शो बिग बॉस ओटीटी 3 खत्म हो गया है। बता दें इस प्यार को क्या नाम दूँ अभिनेत्री सना मकबूल ने इस सीजन की ट्रॉफी को अपने नाम किया है। इस बीच बिग बॉस ओटीटी 3 के खत्म होने के बाद फैंस को अब बिग बॉस 18 का बेसब्री से इंतजार है। बता दें बिग बॉस ओटीटी 3 दर्शकों को ज्यादा पसंद नहीं आया। इसलिए इस सीजन को आगे हफ्ते तक भी नहीं बढ़ाया गया। अब सभी सलमान खान की होस्टिंग में बिग बॉस 18 के प्रीमियर डेट का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए बिग बॉस 18 से जुड़ी खबर लेकर आए हैं। खबर आ रही है कि सलमान खान की होस्टिंग में बिग बॉस 18, अक्टूबर 5 से जियो सिनेमा पर प्रीमियर होगा। सभी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मेकर्स शो में भाग लेने वाले कन्टेस्टन्ट की खोज में लगे हुए हैं। यह शो कलर्स टीवी पर आएगा साथ ही ओटीटी पर जियो सिनेमा पर देखा जाएगा। शो हमेशा की तरह सोमवार से लेकर शुक्रवार 10 बजे और वीकेंड का वार का एपिसोड शनिवार-रविवार 9 बजे से देखा जाएगा।

## जैस्मिन को दुल्हन बनाने के लिए तैयार हैं अली

**मुंबई।** टीवी के चर्चित कपल जैस्मिन भसीन और अली गोनी की जोड़ी को खूब पसंद किया जाता है। दोनों की शादी का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वहीं हाल ही में खबर आ रही है कि वे जल्द ही शादी के पवित्र बंधन में बंध जाएंगे।



मुनीषा खटवानी ने जैस्मिन भसीन और अली गोनी के रिश्ते को लेकर भविष्यवाणी की है, जिसमें उन्होंने बताया कि दोनों आने वाले कुछ महीनों में ही अपने रिश्ते को नया नाम देंगे। मुनीषा खटवानी ने जैस्मिन भसीन और अली गोनी के बारे में बात करते हुए कहा, उनका रिश्ता बहुत ही स्थिर है। एक साल के अंदर-अंदर दोनों शादी करने की प्लानिंग करेंगे। बता दें कि मुनीषा खटवानी ने करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की शादी पर भी भविष्यवाणी की थी। मुनीषा खटवानी का कहना था कि दोनों आने वाले छह महीने या अगले साल तक शादी के बंधन में बंध सकते हैं।


# राजकुमार और मानुषी एक साथ आएंगे नजर ...

**मुंबई।** राजकुमार राव को आखिरी बार फिल्म 'श्रीकांत' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इन दिनों राजकुमार फिल्म 'स्त्री 2' के प्रचार में व्यस्त हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब राजकुमार की एक और फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजकुमार ने अपनी फिल्म के लिए भूमि पेडनेकर की 'भक्षक' के निर्माता पुलकित के साथ हाथ मिलाया है। वह इस आगामी फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। इस फिल्म का निर्माण कार्तिक आर्यन की 'फ्रेडी' के निर्माता जय शेवक्रमणी करेंगे। इस फिल्म के लिए राजकुमार ने हामी भर दी है। खास बात यह है कि पुलकित की इस फिल्म में राजकुमार की जोड़ी मानुषी छिल्लर के साथ बनने वाली है। दोनों को पहली बार साथ देखा जाएगा। राजकुमार और मानुषी की यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। पिंकविला से एक सूत्र ने कहा, निर्माता नई जोड़ी की तलाश में थे और राजकुमार और मानुषी की जोड़ी कुछ नया लेकर आई है। फिल्म में दोनों की जोड़ी दिलचस्प होगी।



# ओटीटी पर रिलीज को तैयार कार्तिक की 'चंदू चैंपियन'

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट विनर मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। फिल्म साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित है। हालांकि मूवी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई थी। वहीं, सिनेमाघरों के बाद अब यह ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज को लेकर घोषणा की गई है। कबीर खान ने शेयर किया पोस्ट वहीं, ओटीटी पर फिल्म की रिलीज को लेकर निर्देशक कबीर खान ने कहा, '' कॉन्सेप्ट से फाइल एडिट्स तक, यह फिल्म प्यार का परिश्रम रही है। कभी कभी कहानियां हमें चुनती हैं। यह एक ऐसे व्यक्ति की एक खूबसूरत कहानी है, जो हार मानने से इनकार करता है। हम उसका जश्न मनाना चाहते थे और प्राइम वीडियो की पहुंच के साथ, हम दुनिया भर के दर्शकों के साथ चंदू चैंपियन को शेयर करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।




## आज जी रहे हैं लग्जरी लाइफ, प्राइवेट जेट के मालिक भी

# बस ड्राइवर का बेटा बना बॉलीवुड का स्टार, 11 की उम्र में करता था कीर्तन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई ऐसे एक्टर्स हैं, जिन्होंने स्टार बनने से पहले काफी स्ट्रगल देखा है। इस लिस्ट में शाहरुख खान से लेकर रजनीकांत शामिल हैं, जो कि शुरुआत में छोटी जॉब्स किया करते थे, लेकिन बाद में उन्होंने अपने अभिनय के दम पर एक मुकाम हासिल किया। इस लिस्ट में एक और ऐसा एक्टर है, जिसने काफी स्ट्रगलिंग दौर देखा है और इस एक्टर के पेरेंट्स ने उसे घर से दूर भेज दिया था, जहां पर वह कीर्तन करता था।

### इन फिल्मों और गानों में किया दिलजीत ने काम

दिलजीत ने एक्टिंग और सिंगिंग के बीच अच्छा तालमेल बिठाया। वह फिल्मों के साथ अपने शानदार गाने भी रिलीज करते रहे। उन्होंने प्रॉपर पटोला, जी ओ ए टी, 3 पेग और अन्य कई हिट गाने रिलीज किए। उन्होंने फिल्मों में जट्ट एंड जूलिएट, गुड न्यूज, होन्सला रख, क्रू, अमर सिंह चमकीला जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में भी काम किया। वह अपनी इंटरनेशनल परफॉर्मेंस के लिए भी जाने जाते हैं। वह कोचेला में परफॉर्मे करने वाले पहले भारतीय पंजाबी कलाकार भी बने।



### करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं दिलजीत

एक्टर और सिंगर बेहद आलीशान जिंदगी जीते हैं। वह कथित तौर पर एक फिल्म के लिए 4 करोड़ रुपये तक चार्ज करते हैं। वहीं, रिपोर्ट्स के मुताबिक दिलजीत ने अनंत अंबानी राधिका मर्चेंट की प्री वेडिंग सेलिब्रेशन में परफॉर्म करने के लिए 30 करोड़ रुपये चार्ज किए थे। दिलजीत के पास दो घर हैं, जिसमें से एक खार बांद्रा में है, जिसकी कीमत 12 करोड़ रुपये है। दूसरा कैलिफोर्निया में है। उनके पास एक प्राइवेट जेट भी है। उनकी कुल संपत्ति 172 करोड़ रुपये है।

### दिलजीत दोसांझ जीते हैं आलीशान लाइफ

दरअसल, हम जिस एक्टर के बारे में बात कर रहे हैं, उन्होंने अपना करियर एक सिंगर के रूप में शेयर किया है और बाद में वह एक्टर बने हैं और आज वह इंडस्ट्री के एक बड़े स्टार हैं। वह आज बेहद आलीशान लाइफ जीते हैं और उनके पास एक प्राइवेट जेट भी है। वह कोई और नहीं बल्कि दिलजीत दोसांझ हैं।

***गुरुद्वारा में कीर्तन करते थे दिलजीत :*** दिलजीत दोसांझ का जन्म भारत के पंजाब के जालंधर जिले के फिल्लौर तहसील के दोसांझ कलां गांव में एक सिख परिवार में हुआ था। उनके पिता बलबीर सिंह, पंजाब रोडवेज के पूर्व ड्राइवर हैं। उनकी मां सुखविंदर कौर एक हाउसवाइफ हैं। वह सिर्फ 11 साल के थे जब उन्हें पढ़ाई के लिए अपने परिवार से दूर भेजा गया था। जब वह स्कूल में थे, तब वह स्थानीय गुरुद्वारों में कीर्तन करते थे।

जीने मेरा दिल लुटेया से मिला फेम : उन्होंने एक सिंगर के तौर पर अपना करियर शुरू किया था और साल 2003 में अपना पहला एल्बम इश्क दा उड़ा अदा जारी किया था। हालांकि उन्हें स्टाडम साल 2011 में मिला था। उन्होंने फिल्म द लायन ऑफ पंजाब से पंजाबी सिनेमा में एंट्री ली लेकिन फिल्म फ्लॉप रही। हालांकि इस फिल्म में हनी सिंह पर फिल्माया गया गाना लक 28 कुड़ी दा जबरदस्त हिट हुआ था। उनकी अगली फिल्म जीने मेरा दिल लुटेया हिट रही थी। उसके बाद उन्होंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा।